(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

लिपस्टिक से जुड़े इन भ्रमों ...8



बुधवार, 08 सितंबर 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 263 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## कुर्सी बचाने की रवायत पीएम मोदी ने दोहराई, उद्धव के बाद ममता ने ली राहत की सांस, लेकिन आगे की राह होने वाली है और मुश्किल

बदले की राजनीति, ऑपरेशन लोट्स और राज्य की सरकार को गिराने के आरोप विरोधियों द्वारा मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर परस्पर लगाए जाते रहे हैं। लेकिन अगर हकीकत के आइने में इसे परखने की कोशिश करेंगे तो सच्चाई कुछ और ही नजर आएगी। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने उपचुनाव की घोषणा कर दी है। उपचुनाव आगामी 30 सितंबर को होगा व उसके परिणाम 3 अक्टूबर को घोषित किया जाएगा। इस घोषणा के साथ ही केंद्र सरकार को पानी पीकर कोसने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पद पर बने रहने के संवैधानिक संकट से राहत मिल गई। केंद्र और पीएम मोदी पर हमलावर रहने वाली ममता दीदी की तरफ से चुनाव आयोग पूरी तरह से बीजेपी के इशारों पर काम करने के आरोप लगाए जाते रहे हैं। लेकिन अब इस निर्णय के बाद केंद्र सरकार पर निशाना साधने का मौका गंवा दिया है।



निर्वाचन आयोग ने की घोषणाः निर्वाचन आयोग ने 4 सितंबर को उपचुनाव की तारीख की घोषणा की। जिसमें पश्चिम बंगाल की तीन विधानसभा सीटों और ओडिशा की एक विधानसभा सीट पर भी 30 सितंबर को मतदान होगा, जहां संबंधित राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान स्थगित हो गया था। बंगाल की भवानीपुर विधानसभा सीट पर 30 सितंबर को उपचुनाव होगा जहां से राज्य की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी की चुनाव लड़ने की योजना है। बनर्जी इस साल की शुरुआत में हुए राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान अपनी पारंपरिक भवानीपुर सीट को छोड़कर चुनाव लड़ने के लिए नंदीग्राम चली गई थीं, लेकिन वह शुभेंदु अधिकारी से हार गईं जिन्होंने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। अधिकारी अब पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। चुनाव परिणामों के बाद बनर्जी चुनाव लड़ सकें इसके लिए भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र के तृणमूल विधायक शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने यह सीट खाली कर दी। ममता के लिए आगे की राह कितनी आसान : उपचुनाव की घोषणा के साथ ही ममता बनर्जी के ऊपर से संकट के बादल फौरी तौर पर कम हुए हैं लेकिन पूरी तरह नहीं टले हैं। ममता के लिए ये उपचुनाव करो या मरो वाली स्थिति बन गया है। अगर ममता चुनाव हारती हैं तो फिर राज्य के सीएम पद पर से हटना उनकी मजबूरी हो जाएगा।

वैसे तो ये माना जाता है कि मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए कोई चुनाव नहीं हारता है, लेकिन ये कोई गारंटी वाली बात नहीं है। ऐसे में अगर ममता दीदी को उपचुनाव में हार मिलती है तो बहुमत की सरकार बनने के बावजूद भी उन्हें सीएम पद त्यागना पड़ जाएगा। उद्धव ने फोन कर मांगी थी मददः 28 मई 2020 को उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बने छह महीने पूरे होने वाले थे, लेकिन फिर भी वो महाराष्ट्र के दोनों सदनों में से किसी के सदस्य नहीं बन पाये थे। जिसके बाद से उद्धव ठाकरे के कुर्सी पर बने रहने को लेकर असमंजस का दौर भी शुरू हो रहा था। कुर्सी पर मंडराते खतरे को देखते हुए शिवसेना ने अपनी पुरानी अकड़ को दरकिनार करते हुए अक्सर देश की जनता से अपने मन की बात करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने कुर्सी खोने के जज्जबात को सामने रखा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 28 अप्रैल की रात में फोन किया। उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री मोदी को महाराष्ट्र की संवैधानिक स्थिति को लेकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। जिसके बाद पीएम मोदी की तरफ से मामले को देखने का आश्ध्वासन दिया गया। जिसके बाद विधान परिषद की सदस्यता पाकर उद्धव ठाकरे ने अपनी कुर्सी बचा ली।

## योगी आदित्यनाथ का अधिकारियों को आदेश, वायरल बीमारियों के रोकथाम के लिए करें आवश्यक व्यवस्था

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फिरोजाबाद और आसपास के जिलों में डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्च्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि फिरोजाबाद, मथुरा, आगरा के साथ–साथ सभी जिलों में डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि शिकोहाबाद में 100 बिस्तरों वाला अस्पताल तैयार हो गया है, यह आसपास के लोगों के लिए उपयोगी होगा और अस्पतालों में अतिरिक्त बेड, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाइयां, जांच उपकरण आदि की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने स्थिति का जायजा लेने के लिए 30 अगस्त को फिरोजाबाद का दौरा किया था। उन्होंने कहा कि ओपीडी में अनावश्यक भीड़ से बचना चाहिए और रोगियों के परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य अपडेट दिया जाना चाहिए और सीएम हेल्पलाइन भी उन तक पहुंचनी चाहिए। फिरोजाबाद में डेंगू और वायरल बुखार ने अब



तक 51 लोगों की जान ले ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले हफ्ते फिरोजाबाद के तीन डॉक्टरों को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीता कुलश्रेष्ठ को भी हटाकर नये अधिकारी की तैनाती की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कोविड की नियंत्रित स्थिति को देखते हुए रात्रिकालीन कर्फ्यू रात्रि 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रभावी किया जाए और 11 बजे तक सभी दुकानेंध्बाजार बंद हो जाएं। लोग अनावश्यक सड़कों पर न घूमें। योगी ने कहा कि विभिन्न राज्यों में कोविड के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए हमें सावधान रहना होगा और अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाना बहुत जरूरी है। वर्तमान में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू था लेकिन अब इसमें एक घंटे की ढील दी गई है। इस बैठक में जानकारी दी गई कि कोविड से बचाव के लिए प्रदेश में टीकाकरण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है और भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप टीकाकरण के लिए पात्र लोगों में से 45 फीसदी प्रदेशवासियों ने टीके की पहली खुराक ले ली है। योगी ने कहा कि बीते दिन प्रदेश ने दो नए रिकॉर्ड बनाये। बीते दिन 24 घंटे में 33 लाख 42 हजार 360 लोगों का टीकाकरण किया गया, इसके साथ ही प्रदेश में कोविड टीकाकरण आठ करोड़ आठ लाख से अधिक हो गया है।

## बेलगाम निकाय चुनाव में महाराष्ट्र एकीकरण समिति की हार दुर्भाग्यपूर्ण : संजय राउत



मुंबई। शिवसेना सांसद संजय राउत ने पड़ोसी राज्य कर्नाटक के बेलगाम निकाय चुनाव में महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमईएस) की हार को "दुर्भाग्यपूर्ण" बताया है। उन्होंने इस चुनाव के नतीजे पर महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इकाई द्वारा जश्न मनाए जाने को "मराठी लोगों के साथ विश्वासघात" करार देते हुए कहा कि इस तरह का छल पहले कभी नहीं देखा गया। महाराष्ट्र बेलगाम पर दावा करता है। बेलगाम कभी पूर्ववर्ती बंबई प्रेसीसेंसी का हिस्सा था लेकिन वर्तमान में भाषाई आधार पर यह कर्नाटक का एक जिला है।

चुनाव परिणाम सोमवार को घोषित हुए जिसके अनुसार, कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा को 58 सीटों वाले बेलगाम नगर निकाय के चुनावों में स्पष्ट बहुमत मिला है। भाजपा ने 35, कांग्रेस ने 10, असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस–ए– इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को एक जबकि निर्दलीय को 12 सीटें मिलीं हैं। राउत ने सोमवार शाम संवाददाताओं से कहा कि कर्नाटक के मराठी भाषी गांवों के महाराष्ट्र में विलय के लिए लड़ने वाले क्षेत्रीय संगठन एमईएस की हार "दुर्भाग्यपूर्ण" है। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि बेलगाम में 'मराठी मानुष' को हराने के लिए कर्नाटक सरकार की साजिश अकल्पनीय है। उनके अनुसार, ऐसा इसलिए किया गया ताकि मराठी लोग शहर पर दावा न कर सकें। शिवसेना, महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के साथ सत्ता में है। चुनाव परिणाम पर खुशी जताने के लिए भाजपा पर निशाना साधते हुए राउत ने कहा, "ठीक है, आपकी पार्टी जीत गई, लेकिन आप मराठी मानुष की हार का जश्न मना रहे हैं... क्या आपको खुद पर शर्म नहीं आती?" राउत ने दावा किया, "इस तरह का विश्वासघात पहले कभी नहीं देखा गया। लाखों लोगों ने बेलगाम में मराठी गौरव और स्वाभिमान के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया है।" शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने दावा किया कि एमईएस की हार को लेकर महाराष्ट्र के कई स्थानों पर निराशा है।

## जयशंकर ने बांग्लादेश के सूचना प्रसारण मंत्री हसन महमूद से मुलाकात की

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को बांग्लादेश के सूचना प्रसारण मंत्री हसन महमूद से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों के विविध आयामों पर चर्चा की। जयशंकर ने अपने ट्वीट में कहा, " बांग्लादेश के सूचना प्रसारण मंत्री हसन महमूह से मुलाकात कर प्रसन्न हूं। हमारे द्विपक्षीय संबंध हर क्षेत्र में ठोस रूप से आगे बढ़ रहे हैं। इस बारे में मीडिया एवं जन धारणाओं के बारे में चर्चा की। " गौरतलब है कि महमूद भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए हुए हैं। कोरोना वायरस महामारी के बीच पिछले कुछ महीनों में दोनों पक्षों की एक दूसरे के यहां कई यात्राएं हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मार्च में दो दिवसीय यात्रा पर बांग्लादेश गए थे और पड़ोसी देश के मुक्ति संग्राम की 50वीं वर्षगांठ से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। अप्रैल में थलसेना प्रमख जनरल एम एम नरवणे रक्षा एवं सैन्य सहयोग बढ़ाने के रास्तों पर विचार विमर्श करने पांच दिवसीय यात्रा पर बांग्लादेश गए थे। जून में वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शन आर के एस भदौरिया ने पड़ोसी देश की यात्रा की थी। दोनों देशों के करीबी संबंधों के मद्देनजर बांग्लादेश के 1971 के मुक्ति संग्राम की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत कई कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है। इस मुक्ति संग्राम में 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के समक्ष 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था।

## पिता का बंगला खाली करने के मूड में नहीं चिराग, 12 जनपद पर लगवा दी रामविलास पासवान की मूर्ति

लोक जनशक्ति पार्टी में जारी घमासान के बीच पिता रामविलास पासवान के दिल्ली स्थित 12 जनपद वाले बंगले को चिराग पासवान खाली करने के मूड में नहीं हैं। चिराग पासवान ने इस बंगले में पिता रामविलास पासवान की मूर्ति लगवा दी है। साथ ही साथ उनके नाम का बोर्ड भी लगाया गया है। चिराग पासवान के इस कदम से दिल्ली से पटना तक राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है। आपको बता दें कि हाल में ही केंद्र सरकार ने चिराग को वह बंगला छोड़ने के लिए कहा था। चिराग की ओर से दलील दी गई थी कि पिता की बरसी तक उस बंगले में रहने की इजाजत दी जाए।



स्वर्गीय राम विलास पासवान के नाम पर आवंटित यह बांग्ला अब केंद्रीय आईटी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को आवंटित किया गया है। यह बंगला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के बंगले के बिल्कुल बगल में है। रामविलास पासवान ने 12 जनपद में ही करीब तीन दशक अपने परिवार के साथ बिताए थे। इस बंगले में जो प्रतिमा लगाई गई है उसमें पासवान की छाती तक का हिस्सा दर्शाया गया है। मूर्ति में नीले रंग का प्रयोग किया गया है और चेहरे पर मुस्कान को दिखाया गया है। आपको यह भी बता दें कि चिराग पासवान को 23 नॉर्थ एवेन्यू आवंटित होने के बाद भी वह अपने पिता के साथ 12 जनपद में ही रहते थे। पिता की मृत्यु के बाद शहरी विकास मंत्रालय के संपदा निदेशालय ने पासवान परिवार को बंगला खाली करने से जुड़े नोटिस भेजा था। दूसरी ओर चिराग के करीबी सूत्रों का कहना है कि पासवान परिवार ने वहां रहने के लिए कुछ वक्त की मोहलत ले ली है।

## आज से कोविड कर्फ्यू 11 बजे से सुबह 6 बजे तक

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड–19 की नियंत्रित स्थिति के दृष्टिगत प्रदेश में रात्रिकालीन कर्फ्यू रात्रि 11 बजे से प्रातः 06 बजे तक प्रभावी किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि रात्रि 11 बजे तक सभी दुकानेंध्बाजार बंद हो जाएं। उन्होंने कहा है कि कोविड–19 से बचाव और उपचार की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से जारी रखा जाए। मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में आहूत एक उच्च्च स्तरीय बैठक में प्रदेश में कोविड–19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घंटों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 22 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 20 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 227 है। जनपद अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बलिया, बांदा, बलरामपुर, बस्ती, बहराइच, भदोही, बिजनौर, चित्रकूट, देवरिया, फतेहपुर, गाजीपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, कौशाम्बी, ललितपुर, महोबा, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, शामली, सीतापुर और सोनभद्र में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। पिछले 24 घण्टे में प्रदेश में 1,82,624 कोरोना टेस्ट किए गए। अब तक राज्य में 07 करोड़ 38 लाख 21 हजार 487 कोविड टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव में टीकाकरण एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। उन्होंने कोविड वैक्सीनेशन कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है। लक्षित आयु वर्ग के 45 प्रतिशत प्रदेशवासियों ने टीके की पहली खुराक प्राप्त कर ली है। विगत दिवस प्रदेश में कोविड वैक्सीन के सम्बन्ध में दो नए रिकॉर्ड बने है। पिछले 24 घण्टे में 33 लाख 42 हजार 360 कोविड वैक्सीन लगाई गईं। किसी भी राज्य द्वारा एक दिन में किया गया यह सर्वाधिक कोविड टीकाकरण है। राज्य में अब तक 08 करोड़ 08 लाख 78 हजार 135 कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं।

## जगदानंद से विवाद के बीच तेज प्रताप यादव ने बनाया नया संगठन, कहा- यह अलग तरीके से चलेगा

राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह से चल रहे विवाद के बीच लालू यादव के बड़े बेटे और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेज प्रताप यादव ने नया संगठन बना लिया है। शिक्षक दिवस के मौके पर अपने घर पर एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इसके बारे में बताया। तेज प्रताप के नए संगठन का नाम छात्र जनशक्ति परिषद रखा गया है। इस संगठन का प्रमुख खुद तेज प्रताप यादव है। तेज प्रताप यादव ने कहा कि इसका गठन छात्रों के मुद्दे को लेकर संघर्ष करने के लिए किया गया है। गर्म मिजाज वाले तेज प्रताप यादव ने कहा कि इसका मकसद राजद को सशक्त करने का है। यह एक तरीके से नया सामाजिक संगठन है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को उठाने का काम करेगा। तेज प्रताप यादव ने कहा कि इसके जरिए बिहार में नए आंदोलन की शुरुआत की जाएगी जो दूसरे राज्यों तक भी पहुंचेगा। तेज प्रताप ने दावा किया कि यह छात्रा राजग से अलग काम करेगा। इसे अलग से पंजीकृत कराया गया है। तेज प्रताप यादव ने यह भी साफ कहा कि उनका यह छात्र संगठन अलग नहीं है। यह राजद का अभिन्न हिस्सा होगा और इसका उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना है। उसमें नई जान फूंकना है। दूसरी ओर राजद में भी साफ कह दिया है कि इसका



कोई राजनीतिक अर्थ नहीं निकाला जाना चाहिए। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि बताया, "इसमें कोई राजनीतिक अर्थ नहीं पढ़ा जाना चाहिए। तेजप्रताप पहले से ही एक सहायक संगठन ध र्मनिर्पेक्ष सेवक संगठन के प्रमुख हैं। इसी तरह उनका नया राजनीतिक उपक्रम पार्टी को मजबूत करने की दिशा में काम करेगा. छत्र राजद को कोई खतरा नहीं है।ß



# अपर मुख्य सचिव ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षण

## कैथी मांझा के 89 परिवारों को पस्ता माफी में वितरित की राहत सामग्री

अयोध्या। अपर मुख्य सचिव सिंचाई जल संसाधन एवं परती टी0 वेंकटेश द्वारा आज बाढ़ कार्य खण्ड अयोध्या के कार्यक्षेत्र में रौनाही तटबंध का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि राम सरनदासपुर ड्रेन के पानी की निकासी हेतु रौनाही तटबंध के किमी0 13.350 पर फ्लैपर गेट रेगुलेटर निर्मित है, जो बाढ़ अवधि में नदी का जल स्तर बढ़ने स्वतः बंद हो जाता है, जिसके कारण तटबंध के कन्ट्री साइड में जल प्लावन की समस्या होती है। जल प्लावन की समस्या के समाधान हेतु विधायक रूदौली राम चन्द्र यादव द्वारा वर्ष 2011–12 से पम्प हाउस के निर्माण की मांग की जा रही है। स्थानीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त स्थल पर जल प्लावन बाढ़ अवधि में ही होता है। नदी का जल स्तर घटने पर ड्रेन के पानी की निकासी स्वतः हो जाती है। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर समय–समय पर जानकारी दी गयी। निरीक्षण के दौरान रौनाही तटबंध के किमी0 13.360 पर निर्मित रेगुलेटर के अपस्ट्रीम में बाढ़ के दौरान होने वाले जल प्लावन की निकासी हेतु मा0 विधायक रूदौली की मांग पर नैपुरा पम्प हाउस के निर्माण के सम्बंध में अवगत कराया गया। पम्प हाउस के निर्माण से लगभग 400 हे0 भूमि पर खरीफ सीजन में फसल उत्पादन हो सकेगी एवं लगभग 1000 कृषक लाभान्वित होंगे। अपर मुख्य सचिव द्वारा नैपुरा पम्प हाउस के निर्माण हेतु परियोजना जल्द से जल्द बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ साथ अपर मुख्य सचिव द्वारा पम्प हाउस के निर्माण के साथ्ज्ञ साथ स्थल का सुन्दरीकरण एवं सौन्दर्यीकरण करने एवं तटबध पर निर्मित रेगुलेटर के चारों तरफ रेलिंग लगाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने ग्राम महंगू का पुरवा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। बाढ़ कार्य खण्ड अयोध्या द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 में महंगू का पुरवा में कटाव निरोधक परियोजना के सापेक्ष कार्य कराया गया, जिसके कारण महंगू का पुरवा में लगभग 5 किमी0 चौड़ाई में सिल्टिंग हुई। अपर मुख्य सचिव द्वारा कराये गये कार्य के सम्बंध में ग्रामीणों से पूछतांछ की गयी, जिसमें ग्राम प्रधान द्वारा कराये गये कार्यो पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी और कराये गये कार्य के प्रति संतोष व्यक्त किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान स्थानीय अधिकारियों को बाढ़ अवधि में सजग एवं चौतन्य रहते हुये तटबंधों का निरन्तर निगरानी हेतु निर्देश दिये गये। स् निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व गोरेलाल शुक्ला, उपजिलाधिकारी विपिन कुमार सिंह सहित अधीक्षण अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ कार्य खण्ड, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, सहायक अभियन्ता चतुर्थ बाढ़ कार्य खण्ड, जूनियर इंजीनियर बाढ़ कार्य खण्ड मौजूद रहे। अपर मुख्य सचिव द्वारा अगले चरण में बाढ़ प्रभावित कैथी मांझा के 89 परिवारों को पस्ता माफी में दो पैकेट राहत सामग्री (आटा, चावल, अरहर दाल, नमक, हल्दी, मिर्च, धनिया, रिफाइंड तेल, लाई, गुड़, मोमबत्ती, चना, साबुन, माचिस, बिस्कुट तथा 10 किलो आलू) प्रदान की गयी। उन्होंने लोगों से उनके स्वास्थ्य व बीमारियों की जानकारी भी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके बाद पीएचसी सुजागंज में टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। जनपद के 300 सत्रों पर 50 हजार लोगों को आज टीकाकरण से आच्छादित करने के लक्षण के साथ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने नगर पालिका रूदौली के पूरे बसावन वार्ड में टीकाकरण सत्र व वार्ड में साफ सफाई का जायजा लिया। नगर पालिका रूदौली के कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। ग्राउण्ड फ्लोर पर रखे गये लोहे की कबाड़ को हटवाने व कार्यालय को साफ सुथरा करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर देखा, जीपीएफ बुक का भी अवलोकन किया। सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में बेहतर साफ सफाई बनाये रखने, लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये।

# संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर

### डेंगू हेतु सतर्कता जन-जागरूकता रैली, 7 से 16 सितम्बर तक चालाया जायेगा विशेष सवेदीकरण एवं संचारी रोग नियंतण अभियान

अयोध्या। शासन एवं उच्च अधिकारियों द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रम में डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डेंगू संवेदनशील मुहल्ले तेलीटोला में जन जागरूकता रैली निकाली गई । तथा नगर क्षेत्र अयोध्या में विशेष अभियान चलाया गया । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने बताया बरसात के मौसम में सर्दी, खांसी और फ्लू समेत वायरल बुखार का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही मच्छर के काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और जीका वायरस जैसी बीमारियां भी दस्तक देती हैं। इन बीमारियों से बचाव के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें। इससे मच्छरों के काटने से होने वाले संक्रमण का खतरा कम हो जाता है।

बुखार, कमजोरी जैसी शरीर में कोई भी समस्या आने पर एकदम नहीं घबराएं। जनपद वासियों से सभी से अपील करते हुए कहा कि जिले के किसी भी हॉस्पिटल , पीएचसी या सीएचसी से परामर्श लेकर निःशुल्क जांच और इलाज कराएं। जिले में वर्तमान में जिला स्तर पर चिकित्सालय सीएचसी और पीएचसी विभाग पूरी तरह अलर्ट है। रैली में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी डॉ दुष्यंत सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी एम. ए. खान, फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी डी०के० श्रीवास्तव, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ अरविंद श्रीवास्तव, फाइलेरिया निरीक्षक एस.पी. मौर्य, दीपक तिवारी मलेरिया निरीक्षक संतोष तिवारी, राजेश कुमार, नितिन नायर, अनवर खान, विवेक चौधरी, अनीता श्रीवास्तव, कीट संग्रहकर्ता आलोक शुक्ला, क्षेत्रीय कार्यकर्ता भागीरथी, शिव जी, विजय तिवारी एवं रामलोट ने भाग लिया। प्रचार–प्रसार के साथ फाइलेरिया कर्मचारियों ने लार्वा निरोधक दवा का छिड़काव भी किया। रैली मे स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि किशन मौर्य ने भी पूरे समय साथ रह कर घर घर लोगो को जागरुक किया। फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी डीके श्रीवास्तव ने बताया कि सभी कि बरसात के इस मौसम में घर के बर्तनों, कूलर, पानी की टंकी, फ्रिज की पीछे की ट्रे, घरों के आसपास पड़े टायर, टूटे लोहे व प्लास्टिक के पात्रो में पानी ना इकट्ठा होने दें क्योंकि मच्छर इन्हीं में पनपते हैं सप्ताह में एक बार इन्हें साफ करके अवश्य करें क्योंकि डेंगू का मच्छर दिन में काटता है इसलिए मच्छर के काटने से बचने के लिए जरूरी है कि हम पूरी बांह के कपड़े पहने और मच्छरदानी एवं अन्य उपायों का प्रयोग करें। जिला मलेरिया अधिकारी एम ए खान ने कहा कि शरीर में बुखार होना कोई भी बीमारी होने का सामान्य लक्षण है यदि किसी को बुखार होता है तो उसे घबराए नहीं चाहिए बल्कि जरूरी है कि उसकी शीघ्र जांच कराई जाए जिससे यह पता लग सके कि बुखार किस वजह से हुआ है जिसके आधार पर ही शीघ्रता के साथ सही उपचार किया जा सके उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को बुखार के लक्षण होने पर किसी प्रकार की देरी ना की जाए , बुखार में देरी से जांच कराना भारी नुकसान दे सकता है इसलिए जरूरी है कि बुखार आते ही शीघ्र ही अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं और अपनी निशुल्क जांच एवं सही उपचार पाएं । जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि 7 सितम्बर16 सितम्बर तक 10 दिन तक चलने वाला अभियान में आशाएं घर घर जाकर नागरिकों को डेंगू, मलेरिया आदि वेक्टर जनित रोगो के लक्षणों एवं बचाव के विषय में लोगों को जागरूक करेंगे साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए क्या करें यह जानकारी भी देंगी। अभियान में आशाएं घर घर जाकर बुखार, कोविड–19 के लक्षण, कोविड टीकाकरण, नियमित टीकाकरण आदि का सर्वे करेंगी। आशाएं घर घर जाकर लोगों को डेंगू ,मलेरिया आदि बुखार से बचाव के लिए जानकारी देकर जागरूक करेंगी।

## किशोरी के साथ दुराचार का प्रयास, मुकदमा दर्ज

मवई–अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक दलित किशोरी के साथ दुराचार करने का प्रयास किया गया।किशोरी द्वारा विरोध करने के कारण युवक अपने मंसूबों में कामयाब नही हो सका। किशोरी के पिता ने पटरंगा थाना पहुंच कर गांव के ही एक युवक के विरुद्ध तहरीर दी।पुलिस ने दुराचार के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पटरंगा थाना क्षेत्र में एक दलित किशोरी शनिवार की शाम को शौच के लिये गयी थी।गांव के ही एक युवक ने अकेली पाकर उसके साथ जबरन दुराचार का प्रयास करने लगा।किशोरी ने इस पर जबर्दस्त विरोध करते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया इस पर युवक उसे छोड़ कर फरार हो गया।किशोरी घर आकर अपने साथ हुई घटना के सम्बन्ध में जानकारी दी। पिता ने पटरंगा थाना पहुंच कर गांव के गोविंद यादव के विरुद्ध तहरीर दी।पटरंगा थाना प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि गोविंद यादव के विरुद्ध धारा 376ध511क, 504, 506 एस सी एस टी एक्ट तथा पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

## एजेंसी खुलने से अब 40 रुपये सिलेंडर की होगी बचत

सोहावल–अयोध्या। इंडेन गैस की मिनी एजेंसी बड़ागांव के पिरखौली में खुल गयी। इसका शुभारम्भ प्रधान प्रतिनिधि हिटलर तिवारी ने किया। अब क्षेत्र के गैस उपभोगताओं को हर सिलेंडर पर पड़ने वाला अतिरिक्त 40 रुपये का भार कम हो जाएगा और आपूर्ति में आ रही लेट लतीफी से लोग बच जाएंगे। सोमवार को जगदीश गंज बाजार में स्थापित की गई इस नई गैस एजेंसी का फीता काटने के साथ खुशी का इजहार करते हुए मुख्य अतिथि हिटलर ने कहा भाजपा शासन की देन है कि घर घर गैस सिलेंडर एजेंसी स्वयं पहुंचा रही है। पिछली सरकारों में यही गैस ब्लैक में लेना पड़ता था और लोग अपनी नींद हराम कर रात में 2 बजे शहर की एजेंसी पर जाकर लाइन लगाने को मजबूर होते थे। सरकार की उज्वला योजना ने घर की महिलाओं को चिंता मुक्त कर दिया है। एजेंसी संचालक अम्बेश कुमार के साथ सोहावल इण्डेन गैस एजेंसी के मकैनिक आशा राम यादव सुमित पाण्डेय, सोनू पाण्डेय, राम शंकर शर्मा, कपिल, विनोद पाण्डेय, सुशील कुमार, अशोक कुमार, रमेश, विनय सहित आदि लोग उपस्थिति रहे।

## आठ सितम्बर से कक्षाओं का बहिष्कार करेगें शिक्षक

जौनपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेतनारायण सिंह के नेतृत्व में राज्य परिषद की बैठक में पारित प्रस्ताव को प्रदेश में भर में विद्यालय समय बदलकर आठ से साढे चार करने के विरोध विद्यालयों में शिक्षक उपस्थित पंजिका पर हस्ताक्षर बनाकर अपनी कक्षाओं का बहिष्कार आठ सितम्बर से करेंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष ने शिक्षकों से निवेदन किया है कि वे अपनी कक्षाओं का बहिष्कार करें जिससे सरकार को पता चले कि नियम विरुद्ध विद्यालय संचालन के समय में परिवर्तन से शिक्षक समाज कितना उद्वेलित है। प्रदेश संगठन को पूर्ण समर्थन देने का फैसला कल सुधाकर सिंह की अध्यक्षता में जनपद संगठन की बैठक में लिया गया जिसका संचालन जिलामंत्री प्रमोद सिंह ने किया।वक्ताओं ने इस बात पर ध्यान आकृष्ट किया की सरकार के शिक्षामंत्री खुद यह कह रहे हैं कि अध्यापक को ज्यादा घंटे नहीं पढ़ाना है तो पहले से ही शिक्षकों की कमी से जूझ रहे विद्यालय जब दो पाली में बाटेंगे तो फिर उसको कौन पढ़ाएगा।यदि उनको अधिक घंटे नहीं पढ़ाना है तो ज्यादा समय बंधक बनाकर रखने का क्या औचित्य। नरसिंह बहादुर सिंह , अजय प्रकाश सिंह , रामप्रकाश सिंह, डा. प्रविंद सिंह,जयप्रकाश सिंह, मीडिया प्रभारी प्रशान्त पांडेय चंद्रप्रकाश दुबे,रणंजय सिंह,संजय सिंह, आदि मौजूद रहे।

## गायत्री शक्तिपीठ ने किया पौधरोपण

जौनपुर। गायत्री शक्तिपीठ के सौजन्य से लोकनिर्माण विभाग में कार्यरत इंजीनियर बेचन मिश्र के प्रयास से उनके गांव गौराबादशाहपुर के पास रवनियां में घर घर पौधरोपण का कार्य पूरे विधि विधान व पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 180 फलदार व औषधीय पौधों का पौधरोपण किया गया। गांव के सूरज सिंह, बिपिन यादव, अमित मिश्र, हितेश मिश्र, सुघरू यादव, अशोक मिश्र, विवेक, हितेश अन्य ने पौधरोपण में सहयोग किया। इंजीनियर बेचन मिश्र ने ज्ञानरथ के साथ आये गायत्री परिवार के अभय सिंह, त्रिभुवन पांडेय, रामलखन सिंह आदि का आभार व्यक्त किया।

## युवक की संदिग्ध हालत में मौत

जौनपुर। खेतासराय थाना क्षेत्र के चकमारुफपुर गांव में . रात एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। उक्त गांव निवासी 35 वर्षीय राम अचल बिंद पुत्र घूरे देर शाम बाजार से घर पहुंचा। चर्चा है कि उसने शराब अधिक पी थी। किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ने के बाद वह बिस्तर पर लेट गया। खाना खाने के लिए पत्नी उसे बुलाने गई तो उसके मुंह से झाग निकलता देख घबरा गई। आनन फानन में परिजन राम अचल को लेकर पीएचसी सोंधी पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस के अनुसार मृतक की पत्नी की मांग पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## ट्रेन के सामने कूदकर वृद्ध ने दी जान

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के बिलवाई रेलवे स्टेशन के समीप वृद्ध ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सुबह सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर थाना क्षेत्र के पौधन रामपुर, रामनगर सोठिया गांव निवासी 60 वर्षीय दयाराम पुत्र राम नयन ने पारिवारिक कलह से बेलवाई स्टेशन के समीप मालगाड़ी के सामने कूद कर आत्महत्या कर लिया। गेटमैन ने घटना की जानकारी स्टेशन अधीक्षक आरपी राम को दिया। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव की शिनाख्त आधार कार्ड से करते हुए परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पहली बार शिल्पी के शिल्पी को सम्मान

अयोध्या। प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष शिल्पियों को तराशने के काम में जुटे शिल्पी को सम्मान दिया है। पहली बार देश के दूसरे राष्ट्रपति शिक्षाविद सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयंती पर शिक्षक दिवस समारोह के तहत प्रदेश के साथ जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत अनुदेशकों को अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। देश प्रदेश में कौशल के विकास के लिए सरकार की ओर से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का संचालन किया जा रहा है। प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों के तहत कुशल कौशल के निर्माण के लिए युवाओं को अपने अपने क्षेत्र के कौशल की शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जनपद मुख्यालय के अतिरिक्त तहसील क्षेत्र सोहावल और मिल्कीपुर में प्रस्तावित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की कक्षाएं भी संचालित की जा रही है। सरकार के निर्णय के तहत पहली बार शिक्षक दिवस पर मंडलीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भव्य समारोह का आयोजन कर विभिन्न पाठ्यक्रमों के अनुदेशकों को सम्मानित किया गया। लाला भाई जी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण लेने वाले युवा अपने कौशल का प्रयोग रोजगार के साथ ही विभिन्न उद्योगों और संस्थाओं में निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण के हित में करते हैं। सम्मान समारोह के तहत नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की ओर से उत्कृष्ट कार्य के लिए संयुक्त निदेशक अयोध्या मंडल डीके सिंह और प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या के केलाल की मौजदगी में अनुदेशकों को अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। ड्राफ्ट्समैन सिविल पाठ्यक्रम के अनुदेशक कश्यप कांत मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। तापमान सिविल के अनुदेशक कश्यप कांत मिश्रा ने बताया कि अच्छा जानकार ही विकास की योजनाओं को साकार रूप देने और धरातल प्रदान करने के लिए ड्राइंग तैयार करता है। प्रशिक्षण संस्थान ऐसे युवाओं को योग्य बनने के लिए सभी कुशलताएं सिखाता है और समाज तथा राष्ट्र के बीच अच्छे कार्य की प्रेरणा लेकर जाने को तैयार करता है। उनका कार्य प्रशिक्षु युवा को देश और विश्व की वर्तमान चुनौतियों से मुकाबले के लिए ही तैयार नहीं करना है, बल्कि प्रशिक्षण के दौरान ही प्रशिक्षकों वह सब कुछ दिखाना है जिससे वह राष्ट्र के निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका का निर्वहन कर सके। जिससे रोजगार के साथ ही राष्ट्र की उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त हो सके। पहली बार सरकार ने अनुदेशकों को सम्मानित किया। यह सराहनीय कदम है।

## युवक का शव सीड़ियो पर मिलने से सनसनी

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र अन्तर्गत एक युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस शव को पोस्टमर्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। थाना उत्तर क्षेत्र के रामलीला ग्राउन्ड की सीड़ियों पर .. वहां से गुजर रहे लोगों ने जव एक लगभग 45 वर्षीय युवक का शव पड़ा देखा तो वह सन्न रह गये। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नही हो सकी। पुलिस शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लायी है। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नही हो सकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम ने किया साफ सफाई व चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

फिरोजाबाद। शहर में डेंगू, मलेरिया वायरल बुखार की रोकथाम व प्रभावी नियंत्रण हेतु जिलाधिकारी द्वारा निरंतर किए जा रहे निरीक्षण व जन जागरूकता अभियान के क्रम में जिलाधिकारी चंद्रविजय सिंह ने राम नगर, आजाद नगर, विष्नु का नगला व झलकारी नगर आदि प्रभावित क्षेत्रों में साफ–सफाई एवं चिकित्सा व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ने जिलाधिकारी ने क्षेत्र में जो बच्वें बीमार है उनके घर जाकर उनके चल रहे उपचार व रिपोर्ट के बारे में जाना और घर वालों को बताया कि बच्चों को हैवी डोज न दिलवाऐं एवं किसी अनाधिकृत चिकित्सक को न दिखाऐं, बच्चों को पूरी आस्तीन के कपडेध पहनाऐं, ऑडोमास एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। इसके लिए उन्होने सभी जरूरतमंदों को ऑडोमॉस व मच्छरदानी का बडेध स्तर पर वितरण कराया। उन्होने उपस्थित नगर निगम की टीम को निर्देशित किया कि वह जगह जगह टूटी हुई नालियों की मरम्मत करवाऐं और चौक पडी नालियों की सफाई इस प्रकार से करवाऐं की नाली का पानी अंतिम स्थान नाले तक पहुचता रहें। उन्होने कहा कि प्लॉटों में जलभराव की निकासी कराते रहे उसमें इंसेक्टिसायडल एवं लार्वासाइडल जैसी कीटनाशक दवाओं तथा मिटटी के तेल का छिडकाव निरंतर कराते रहें।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गलियों में रहने वाले लोगों को भी डेंगू, मलेरिया व वायरल बुखार से सजग रहने को कहा। उन्होने बस्तियों की विभिन्न गलियों में रूककर लोगों से जाना कि किसी घर में कोई बीमार तो नही है, व बस्ती के जरूरतमंद लोगों को ऑडोमॉस व मच्छरदानी वितरित की। उन्होने नगर निगम की टीम को यह निर्देश दिए कि वह नगर क्षेत्र में जन सामान्य को डेंगू, मलेरिया व वायरल बुखार के प्रति जागरूक करने हेतु एनाउंसमेंण्ट, होर्डिंग व बैनर लगवाकर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलवाऐं। उन्होने स्पष्ट कहा कि लोगों से यह शिकायत न प्राप्त होने पाए कि उनके क्षेत्र में फोगिंग, एण्टीलार्वा छिडकाव नही किया गया है। इसके साथ उन्होने यह भी निर्देश दिए कि वह दवा छिड़काव करने वाली सभी टीमों को निर्देशित करें कि वह यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा दवा छिडकाव के समय सभी घरों में पॉटस, कूलर व पुराने बर्तनों में जमा गंदा पानी पूर्ण रूप से हटवा दिया गया है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने विश्नु का नगला बस्ती का निरीक्षण किया जहां एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा घर–घर जाकर मरीजों को देखा रहा था जिस पर जिलाधिकारी ने मरीजों से उनके घर पर जाकर उनके चल रहे उपचार व मेडिकल रिपोर्ट को देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिन गलियों में बच्चों में बुखार के लक्षण देखे जा रहें है उस क्षेत्र में चिकित्सा शिविर लगाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि चिकित्सा शिविर ज्यादा से ज्यादा लगवाऐं।

समाजसेवी संस्थाओं, नगर निगम व जिला प्रशासन के सहयोग से झलकारी नगर में चलाई जा रहीं मुहिम डेंगू और बुखार के बचाव के लिए ''आओ मिलकर करें प्रयास'' डेंगू व बुखार से बचाने के लिए गली–गली जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम में पहुंचकर जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सजग है और आप सब लोगों के बीच काम कर रहा है, इसमें आप सभी लोगों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होने बताया कि संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद में व सभी पीएससी व सीएससी स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को भर्ती करने की और अधिक व्यवस्था की गयी है, सौ शैय्या में भी बैड बढवाए गए है इस प्रकार पर्याप्त संख्या में बैड उपलब्ध है, उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की कमी नही आने दी जाएगी। इस अवसर पर महापौर नूतन राठौर, नगर आयुक्त प्रेरणा शर्मा, कल्पना राजोरिया सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहें।

## स्वास्थ कैम्प का ग्रामीणों ने लिया लाभ

फिरोजाबाद। ग्राम पंचायत कंथरी में डेंगू, मलेरिया, वायरल एवं अन्य बीमारियों को देखते हुए प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मेडिकल कैंप लगाबाया है। जिसमें ग्रामीणों ने दवा लेकर लाभ उठाया। अधिकांश लोगों का ब्लड चेकअप किया गया जिसमें मलेरिया, ड़ेंगू ,वायरल इत्यादि की जांच कराई गई। ग्राम कंथरी में लगभग 70 से ज्यादा बुखार से पीड़ित है। इनमें से कुछ मरीज निजी तौर पर इलाज करबा रहे हैं। गांव में कैम्प लगने से करीब 4 दर्जन से ज्यादा मरीजों को दबा दी गई है। यह कैम्प प्राइमरी स्कूल कंथरी में लगाया गया। जिसमें ग्राम प्रधान इंजी० प्रदीप कुमार, अध्यापक शालिल यादव, नेहा सिंह, ममता सिंह, स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## मच्छरों पर काबू पाने के लिये तालाब में छोडी गई मछलिया

फिरोजाबाद। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वर्तमान में मच्छरों को कंट्रोल करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाकर टूंडला क्षेत्र के तालाबों में टूण्डला एसडीएम डॉ. बुशरा बानो, सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजीव वर्मा तथा नरेश कुमार के द्वारा गंपूसिया मछलियां तालाबों में छोड़ी गई। अधीक्षक डॉ. संजीव वर्मा ने बताया की यह मछलियां मच्छरों के लार्वा को बहुत तेजी से समाप्त कर देती हैं। इससे मच्छरों को नियंत्रित करने में प्रभावी मदद मिलेगी।

## पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में पौधों की अहम भूमिका– वीरेंद्र

शिकोहाबाद। फतेहाबाद रोड स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगला चूरा पर पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि वन विभाग के डीएफओ वीरेंद्र सिंह रहे।। डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा डेंगू से बचने के लिए घरों में सफाई रखें। पानी ना भरने दें। सभी घरों के आसपास औषधि पौधे गिलोय, तुलसी, एलोवेरा, आमला, बेल, ८ संजना लगाएं। उन्होंने कहा हर व्यक्ति को जीवन में पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर अतिथियों का दुपट्टा उड़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर एमपी सिंह, डॉक्टर पीएस राना,डॉक्टर आरपी गुप्ता, राजमाला, नरेंद्र सिंह, राम शंकर, शिक्षक पुष्पेंद्र प्रताप सिंह और कोमल सिंह मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने किया ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक,जाना ग्राम पंचायतो का हाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग, उ0प्र0 सरकार श्री आनन्द स्वरूप शुक्ल की अध्यक्षता एवं विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, मुख्य विकास अधिकारी श्री पुलकित गर्ग की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता कर हुए राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग, उ0प्र0 सरकार श्री आनन्द स्वरूप शुक्ल को मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि कोविड–19 में प्रवासी मजदूरों को प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर 77883 श्रमिको को रोजगार उपलब्ध कराया गया। गौ संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जनपद में 3359





पशु शेड का निर्माण कराया गया है। राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग, उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। इसके साथ ही पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा दैवीय आपदा के लाभार्थी को भी आवास दिलाने का निर्देश दिया गया। यदि किसी गांव में सरकारी योजनाओं के नाम पर पैसा वसूला जाता है तो संबधित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कराने का निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में जल संरक्षण के लिए 2020–21 में 1001 तालाबों पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है। राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग, उ0प्र0 सरकार द्वारा समूहो के बारे में जानकारी चाही गयी। डी0सी0एन.आर.एल.एम. ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में समूह गठन हेतु 55 टीम कार्यरत है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविकास मिशन के अन्तर्गत जनपद में सेनेट्री पैड यूनिट की स्थापना, उचित दर दुकानो का संचालन समूह की महिलाओ द्वारा किया जा रहा है। जनपद के 09 विकास खण्डों में प्रेरणा कैन्टीन संचालित है। मंत्री निर्देश दिया कि समूह की महिलाओं का खाता खुलने में कोई समस्या नही होनी चाहिए। मुख्यमंत्री जी द्वार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वतः रोजगार हेतु प्रेरित किया जा रहा है। समूह का गठन लक्ष्य के सापेक्ष करना सुनिश्चित करे। सभी विकास खण्डों में प्रेरणा कैन्टीन चलाने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा पेंशन से संबधित प्रकरणों को निस्तारित कराने तथा राशन कार्डो का सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया।मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग ने मंत्री को आश्वस्त कराया कि आप द्वारा जो भी निर्देश दिया गया है सभी अधिकारी उपका शत–प्रतिशत पालन करेंगे। राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग, उ0प्र0 सरकार श्री आनन्द स्वरूप शुक्ल द्वारा आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त बी.सी. को प्रमाण–पत्र दिया गया।इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट सिद्धार्थनगर ओजस्वी राज, पी0डी0 सन्त कुमार, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, डी0सी0एन.आर.एल.एम. योगेन्द्र लाल भारती, डी0सी0मनरेगा संजय शर्मा, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## 'फ्रीडम रन टू में बच्चो ने बढ़ चढ़ कर लिया भाग

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार। विकास खंड उसका बाजार के ग्राम पंचायत



मरवटिया माफी प्राथमिक विद्यालय में फ्रीडम रन टू का किया गया आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार कि इकाई नेहरु युवा केंद्र सिद्धार्थ नगर के तत्वाधान में आयोजित आजादी के 75 वर्षगांठ के अवसर पर देश भर में दिनांक 13 अगस्त से 2 अक्टूबर 2021 तक फ्रीडम रन का आयोजन किया जा जाएगा जनपद स्तर व ग्राम स्तर पर कुल 75 फ्रीडम रन टू का आयोजन किया गया ब्लॉक स्तर पर आज प्रातः 8रू30 बजे से प्राथमिक विद्यालय मरवटिया माफी में फ्रीडम रन 2 का कार्यक्रम किया गया आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर अपने–अपने विचार युवाओं को आकांक्षा पाठक ने बताया कि हमारे देश के युवा राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहे हैं और यह हमारे देश की जरूरत है कि हमारे युवा स्वस्थ रहें जिनसे हम अपने युवाओं द्वारा राष्ट्र निर्माण का स्वपन लगातार देख सकें।इस कार्यक्रम में उपस्थित प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका मनीषा त्रिपाठी,अमित , आकांक्षा पाठक,रीता,शिवानी, विभा , प्रीति, खुशबू,आदि लोग रहे मौजूद।

## विहिप ने बाढ़ प्रभावित इलाके का जाना हाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती।विश्व हिन्दू परिषद गोरक्ष प्रांत के जिला अध्यक्ष दिनेश



मिश्र के साथ विहिप के पदाधिकारी जिला मंत्री प्रदीप पाण्डेय , विवेक सिंह ,कैलाश नाथ शर्मा , सत्यवान सोनी , अवधेश व कई अन्य द्वारा विक्रमजोत ब्लॉक के माझाक्षेत्र के पाहीमाफी के पास किसानो की फसल कटान होने से बर्बाद हो रही है तथा कटान से जमीन जलमग्न हो जा रही है जिसका मंगलवार को विहिप द्वारा कटान व बाढ प्रभावित गावो का दौरा कर सरकारी लाभ दिलाने का अश्वावसन दिया गया तथा टीम द्घारा दुबौलिया ब्लॉक के माझा क्षेत्र का भी दौरा किया

## समाजवादी पार्टी के नेता अबु बकर बने यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय सिद्धार्नगर



पर यूथ ब्रिगेड की बैठक में यूथ ब्रिगेड़ के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा के अनुमति से जिला अध्यक्ष मो0 जवेद खान ने समाजवादी पार्टी के नेता अबु बकर को मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस आशा के साथ पूर्व विश्वास है कि आप राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों एम सिद्धान्तों को जन जन तक पहुंचते हुए संगठन को और बल एवं गतिशीलता प्रदान करेंगे,इस दौरान पूर्व विधायक विजय पासवान, जिला उपाध्यक्ष तौलेसर निषाद, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष क्रमशः चमनआरा राईनी वा मो0 जमील सिद्दीकी, पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग जुबैदा चौधरी, वरिष्ठ नेता मुरली मिश्रा, कामरुजमा खान, विष्णु उमर, पूर्व प्रदेश सचिव खुर्शीद अहमद खान, प्रदेश सचिव सुभांगी भारत अल्फसंख्यक जिला अध्यक्ष इब्राहीम बाबा, सकील शाह, अमित यादव, घनश्याम जयसवाल, अनिरूद्ध यादव, अल्ताफरहमान, रामसेवक लोधी सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्तओं की मौजुदगी रहीं,जिला उपाध्यक्ष अबु बकर ने कहाँ कि जो नई जिम्मेदारी मिली है उसको मैं बखूबी निभाऊंगा तथा इस नई जिम्मोरिया लिए प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा तथा जिला अध्यक्ष मुहम्मद जावेद खान को दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया।

# प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में शामिल हुए ग्राम्य विकास राज्य मंत्री आनन्द स्वरूप शुक्ल

## समाज को नई दिशा प्रदान करता है प्रबुद्ध वर्ग:आनन्द स्वरूप शुक्ला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता





पार्टी के कपिलवस्तु विधानसभा में प्रबुद्ध वर्ग का सम्मेलन मंगलवार को मुख्यालय स्थित नौगढ़ ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के ग्राम्य विकास राज्य मंत्री आनन्द स्वरूप शुक्ल रहे। सम्मेलन का शुभारंभ सर्वप्रथम पण्डित दीन दयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं तत्पश्चात वंदेमातरम से हुआ। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने क्षेत्र से आए हुए प्रबुद्धजनों को सदर विधायक श्यामधनी राही तथा पदाधिकारियों संग अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग समाज को एक मार्गदर्शक के रूप में एक नई दिशा प्रदान करता है, और भारतीय जनता पार्टी प्रबुद्धजनों का सम्मान करने का काम कर रही है। सम्मेलन में उन्होंने मोदी योगी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि जो काम देश में पिछले 70 वर्षों में नही हुआ वह काम आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए आज समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के कार्य हो रहा है। युवाओं को रोजगार,किसानों की आय को दुगुना करना, तथा महिलाओं के शशक्तिकरण को लेकर सैकड़ों महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के माध्यम से निरंतर काम किया जा रहा है। प्रदेश में योगी सरकार ने लाखों परिवारों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास दिलाकर उन परिवारों को बसाने का काम किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री विजयकांत चतुर्वेदी तथा संचालन महामंत्री विपिन सिंह ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार कुंवर,जिला महामंत्री कन्हैया पासवान, कार्यक्रम संयोजक अजय उपाध्याय, सुरेंद्र पाण्डेय सहित फतेह बहादुर सिंह, नितेश पाण्डेय,भानु प्रताप मिश्रा, सच्चिदानंद चतुर्वेदी,अजय शर्मा,दृग नारायण सिंह,लक्ष्मीकांत जायसवाल, महेंद्र लोधी,जगदीश जायसवाल, श्यामसुन्दर मित्तल,प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव,राजेंश मिश्रा,देवेंद्र मिश्रा, शैलेन्द्र वर्मा ,राकेश आर्या,हेमंत जायसवाल,चंद्र प्रकाश धर द्विवेदी,अमित उपाध्याय,विजय लोधी,जितेंद्र, विजय पाण्डेय,आदि मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक स्व0 प्रभूदयाल विद्यार्थी के प्रतिमा का हुआ अनावरण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

जोगिया। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एंव महात्मा गौतम



बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संस्थापक व पूर्व विधायक स्व प्रभूदयाल विद्यार्थी की पुण्य तिथि के अवसर पर जोगिया गांव स्थित उनके समाधिस्थल पर उनकी प्रतिमा का अनावरण शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने किया। उस दौरान स्व0 विद्यार्थी की पत्नी पूर्व विधायक कमला साहनी सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे ।

## प्राशिसं ने 21 सूत्रीय मांगों को लेकर चलाया हैशटैग अभियान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद शर्मा के निर्देश पर जिले के सभी शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, रसोइया से जुड़े 21 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को ट्विटर पर हैशटैग अभियान चलाया गया।संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाल करने , पदोन्नति, संविलयन समाप्त करने, कैशलेस चिकित्सा की सुविधा देने, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को नियमित करने, रसोइया का मानदेय दस हजार करने, वार्षिक प्रविष्टि का आदेश वापस लेने, उप्र शिक्षा सेवा अधिकरण विधेयक वापस लेने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने, मृतक आश्रित नौकरी में टीईटी की बाध्यता खत्म करने सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर सुबह 10 बजे से अपराह्न एक बजे तक चलाया गया। मांडलिक मंत्री योगेंद्र पांडेय ने कहा कि इस अभियान के द्वारा सरकार का ध्यान अपनी मागों की तरफ आकृष्ट कराने का प्रयास किया गया। शिक्षक हित की लड़ाई लड़ने का नया तरीका है।

फोटो 04

## बढया गांव की महिलाओं ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री पर खाद्य सामग्री न वितरण करने का लगाया आरोप

सच्चिदानन्द मिश्रा/

दैनिक बुद्ध का संदेश

- भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के बढ़या ग्राम पंचायत का मामला।
- सीडीपीओ भनवापुर को शिकायती पत्र दे कर किया जांच की मांग।

भनवापुर। स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के बढ़या ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने अपने गांव के आंगनवाड़ी कार्यकत्री पर खाद्य सामग्री वितरण ना करने का आरोप लगाया है।सीडीपीओ भनवापुर को शिकायती पत्र दे कर जांच कर कर्रवाई की मांग की है। बढ़या ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सहित खुशबू,नीलम,सुमन, रागनी देवी,बीनू त्रिपाठी,दुर्गावती, सुनरपाती,गिरजा देवी,पूजा बिट्टा देवी आदि महिलाओं ने बाल विकास परियोजना अधिकारी भनवापुर को दिये शिकायती पत्र में लिखा है कि गांव की आंगनवाड़ी कार्यकत्री रूकमणी देवी गांव में बंटने के लिए आए चावल,गेंहू,दाल,घी,दूध,तेल आदि खाद्य सामग्री करीब सात माह से वितरण नहीं कर रही है।गांव के लोग जब वितरण के लिए कहते है तो खाद्य सामग्री नही मिलने की बात कहती हैं।इसकी जांच कर कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में सीडीपीओ भनवापुर अभय प्रताप सिंह ने कहा कि नवम्बर से घी और दूध नही आ रहा है,तेल,चावल,गेहूं आदि का उठान हो रहा है। शिकायती पत्र मिली है जांच के लिए सुपरवाइजर को नामित किया गया है बाढ़ के कारण जांच नही हो पा रहे है पानी कम होने पर जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष राम कृष्ण पांडेय ने किया राशन सामग्री का वितरण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिध्दार्थनगर। ब्राह्मण महासभा रा सिध्दार्थनगर के जिलाध्यक्ष





राम कृष्ण पांडेय के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जरूरतमंदों को दूसरे दिन भी बटवाया गया राशन सामग्री।राम कृष्ण पांडेय ने कहा कि हम अपना धर्म निभाते हुए सभी जाति वर्ग मजहब के गरीबों के लिए अपनी क्षमता अनुसार खड़े हैं और हमारे सभी ब्राह्मण साथी इसमें बढ़–चढ़कर सहयोग करते हैं।ब्राह्मण महासभा रा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित श्याम नारायण चौबे के मार्गदर्शन में ब्राह्मण महासभा रा ने बटवाया बाढ़ प्रभावित जरूरतमंदों को राशन सामग्री लगभग 110 लोगों को शोहरतगढ़ विधानसभा के ग्रामसभा खैरी शीतल प्रसाद क्षेत्र एवं जोगीबारी क्षेत्र के लोगों को ब्राह्मण महासभा एवं उनके टीम के सदस्यों के द्वारा राहत सामग्री वितरित किया गया। उपस्थित लोगों में सनी पांडेय सुधीर पांडेय,सिद्धार्थ शुक्ला,विनय पंडित,वासुदेव पांडेय,अमरनाथ पांडेय,गोपाल मिश्र,रोहित त्रिपाठी,नीरज मणि त्रिपाठी,गणेश शुक्ल,हिमांशु मिश्र,रविंद्र तिवारी आदि।

# मद्धेशिया समाज के लोग आने वाले चुनावो में मजबूती से भाग लें: विनोद कुमार गुप्त

## शोभायात्रा पर महिलाओ एवं पुरुषो ने अपने घरो से किया पुष्पो की वर्षा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हाटा/कुशीनगर। अखिल भारतीय बैश्य महासभा के बैनर तले संन्त गणिनाथ सामाजिक जागृति एव राजनैतिक चेतना रथ नगर पंचायत सुकरौली बाजार में आगमन के अवसर पर अखिल भारतीय बैश्य महासभा के युवा नेता अंकित कुमार मद्धेशिया उर्फ बुलेट, बैजनाथ उर्फ बैजू मद्धेशिया, पत्रकार गणेश कुमार गुप्त एव महेश कुमार मद्धेशिया के नेतृत्व मे मद्धेशिया समाज के कुलगुरु सन्त गणिनाथ, सन्त पल्टूदास महराज जी, के उदघोष के साथ भव्य एवं एतिहासिक रूप से नगर मे पहुँचते ही समाज एवं नगर के नर नारी ने स्वागत किया ।संन्त गणिनाथ की प्रतिमा पर पुष्पो की वर्षा करते हुए पुरे नगर मे शोभा



यात्रा निकाल कर अपनी एकता एवं ताकत को प्रदर्शित किया । शोभा यात्रा पर महिलाए एवं पुरुष अपने मकान के छतो पर चढ़कर पुष्पों की वर्षा कर रहे थे । संन्त गणिनाथ सामाजिक जागृति एवं राजनैतिक चेतना रथयात्रा का नेतृत्व अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य महासभा युवा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नगर पंचायत बलिया के चेयरमैन दिनेश कुमार गुप्ता , अभिषेक मद्धेशिया, विनोद गुप्ता कोषाध्यक्ष, आदि कर रहे थे। युवा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने अपने समाज के लोगों होने वाले विधान सभा एवं निकाय के चुनावो मे बढ़ चढ़ कर अपनी राजनैतिक भागीदारी मे हिस्सा लेने का आहावान किया है। अरविन्द मद्धेशिया प्रदेश कार्य समिति सदस्य, दिनबन्धु मद्धेशिया जिलाध्यक्ष कुशीनगर, मनिष मद्धेशिया युवा मोर्चे के जिलाध्यक्ष , पूर्व जिलाध्यक्ष धनश्याम गोरखपुरी, हरेराम गुप्ता , सुकरौली के पूर्व ग्राम प्रधान अशोक कुमार पत्रकार, महेश कुमार मद्धेशिया, अजय कुमार ,धनंजय कुमार, प्रमुख व्यवसायी रामनरेश मद्धेशिया, चन्द्रिका गुप्त, मोहन लाल गुप्त, रामाश्रय गुप्त, सोनू मद्धेशिया, सुनील कुमार मद्धेशिया राजू मद्धेशिया, शशि, उदय नारायण,धनंजय कुमार उर्फ डब्बलू शास्त्री, आनन्द कुमार मद्धेशिया, पत्रकार राजेन्द्र गुप्ता, दीपक कुमार गुप्त, छोटेलाल शास्त्री, सत्य प्रकाश मद्धेशिया, सुवाष मद्धेशिया आदि प्रमुख रूप से रहे। अन्त मे शोभा यात्रा के समापन पर समाज के लोगो ने आये हुए अपने सभी नेताओं का फूल माला एवं अंगबस्त्र से सम्मानित किया ।उक्त शोभा यात्रा सुकरौली बाजार से हाटा, हेतिमपुर, कसया, फाजिलनगर, तमकुहीरोड, सेवरही, एवं पडरौना के लिए प्रस्थान किया ।

## संजय मिश्रा ने बाढ़ प्रभावित गांव में वितरित किया राहत सामग्री

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर। मंगलवार को हिन्दू युवा वाहिनी के संगठन जिला महामंत्री संजय मिश्रा ने ब्लाक क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव धनोहरा



में राहत सामग्री का वितरण किया।इस दौरान उन्होने कहा कि भाजपा के योगी सरकार की देन है कि बाढ़ के दौरान जनहानि, तथा अन्य समास्याएं कम हुई क्यों कि सरकार द्वारा संबंधित अधिकारियों को पहले से ही एलर्ट कर दिया गया था,हर बाढ़ प्रभावित गांवो के लिए नाव की व्यावस्था की गयी है।सरकार हर संभव मदद कर रही है।गांव मे करीब दर्जनों पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरित की गयी।इस दौरान हल्का लेखपाल राजेश मणि,भाजपा मंडल मंत्री विनय पाठक, राधेश्याम चौधरी, राजेश यादव, जैशम चौधरी, राजेश पाल आदि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**बहरहाल, हम सबको यह समझना ही होगा कि खतरा किसी एक को नहीं सबको है। इस बीच टीकाकरण के अभियान में तेजी जरूर आई है, जो एक अच्छी बात है। अगस्त में पूरे महीने का दैनिक टीका औसत 59.29 लाख रहा, जो जुलाई के दैनिक औसत (43.41 लाख)...**

## मास्क और दूरी, दोनों जरूरी




इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने एक बार फिर सबको आगाह किया है कि कोरोना का खतरा टला नहीं है और उसे लेकर सावधानी में किसी तरह की कमी नहीं आने देनी चाहिए। उसने कहा कि अव्वल तो किसी भी तरह का सामूहिक जुटान होने ही नहीं देना चाहिए, लेकिन अगर यह अनिवार्य हो तो उसमें सिर्फ उन्हीं लोगों को शामिल होना चाहिए, जो वैक्सीन की दोनों डोज ले चुके हैं। इस ताजा दिशानिर्देश की जरूरत इसलिए महसूस हुई क्योंकि त्योहारों का सीजन आने वाला है।

ऐसा बार–बार देखने में आया है कि सरकार की ओर से सख्ती में जरा सी छूट मिलते ही सड़कों परकोरोना प्रोटोकॉल की धज्जियां उडने लगती हैं। चाहे पार्कों या बाजारों में पहुंचने वालों की भीड़ हो या पहाड़ों पर उमडने वाला सैलानियों का सैलाब। वैसे बात सामान्य लोगों की ही नहीं है। जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग भी अपने आचरण से कोई मिसाल नहीं पेश कर पा रहे। महाराष्ट्र कोरोना की दूसरी लहर से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में था। अभी भी मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे लोगों से संयम बरतने और कोरोना प्रोटोकॉल का पूरी निष्ठा से पालन करने की अपील करते रहते हैं। लेकिन पिछले दिनों एक केंद्रीय मंत्री के अप्रिय बयान के बाद उनकी पार्टी के लोग ही सड़कों पर निकल आए। मुख्यमंत्री और शिवसेना नेतृत्व ने उन्हें रोकने की कोई कोशिश नहीं की।

यही स्थिति दूसरी तरफ भी है। पिछले दिनों बीजेपी के लोग महाराष्ट्र में मंदिर खुलवाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे नजर आए। उधर, राज ठाकरे की पार्टी एमएनएस सार्वजनिक रूप से दही हांडी मनाने पर अड़ी हुई थी। जब अपने धर्म, अपनी संस्कृति और अपनी राजनीति को लेकर जिम्मेदार राजनीतिक दल इस तरह का आचरण करेंगे तो सामान्य लोगों से कैसे यह उम्मीद की जाए कि वे संयम बनाए रखें और कहीं भीड़ न लगाएं?

बहरहाल, हम सबको यह समझना ही होगा कि खतरा किसी एक को नहीं सबको है। इस बीच टीकाकरण के अभियान में तेजी जरूर आई है, जो एक अच्छी बात है। अगस्त में पूरे महीने का दैनिक टीका औसत 59.29 लाख रहा, जो जुलाई के दैनिक औसत (43.41 लाख) से 36.5 फीसदी ज्यादा है। यही नहीं, अगस्त के आखिरी सप्ताह में तो दैनिक औसत 80 लाख डोज से भी ऊपर रहा। आने वाले दिनों में इसमें और तेजी आने की उम्मीद की जा रही है। बावजूद इसके, आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा टीकाकरण के सुरक्षा घेरे से बाहर है। नए म्यूटेंट्स का खतरा अलग है। इकॉनमी दूसरी लहर का झटका झेलने के बाद बड़ी मुश्किल से संभलती दिख रही है। ऐसे में तीसरी लहर के बेकाबू होने का जोखिम कतई मोल नहीं लिया जा सकता। जरूरी है कि हम सब इस बात को समझें और सतर्कता में कोई कमी न आने दें।

## क्यों जरूरी है जातिगत जनगणना?

कंचना यादव

जातिगत जनगणना का महत्त्व अगर जानना है तो उससे पहले यह जानना होगा की दुनिया भर में अधिकांश देश जातिगत जनगणना कराते हैं। जातिगत जनगणना कराने से किसी की जाति संकट में नहीं पड़ती है। जातिविहीन समाज तब तक नहीं बन सकता है जब तक समाज के हर वर्ग में समानता न स्थापित हो, सबको बराबर की सुविधा न मिले। यह तभी संभव होगा जब हमें वस्तुस्थिति का पता हो। जातिगत जनगणना कराने से देश में किस जाति का क्या सामाजिक, राजनितिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति है उसका पता चल जायेगा। कोई भी सरकार संविधान में लिखे राज्य के नीति निर्देशक तत्व के आधार पर जब कल्याणकारी नीति बनाती है तो वह आंकड़ों का इस्तेमाल करती है। जैसे महिला सम्बंधी वन स्टॉप सेंटर योजना बनाते वक्त सरकार ने महिलाओं के साथ हो रहे घर के अंदर और बाहर की तरह–तरह की परेशानियों के आंकड़ों का इस्तेमाल किया था। इसी तरह किसी भी जाति के लोगों का वर्तमान में हालात समझने के लिए जातिगत जनगणना कराना बहुत जरुरी है ताकि वंचित और उपेक्षित लोगों पर सरकार विशेष रूप से ध्यान दे पाए।

जातिगत जनगणना को लेकर बिहार नेता प्रतिपक्ष तेजश्वी यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात किए। बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान बिहार नेता प्रतिपक्ष तेजश्वी यादव सहित कई विपक्षी नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जातीय जनगणना कराने की मांग की थी। दरअसल उसी का नतीजा है कि जातिगत जनगणना पर दोनों ही दल का एक मत है।

समाज में अगर हर वर्ग के लोगों के बीच में समानता लाना है तो जातिगत जनगणना कराना जरुरी है ताकि किसी भी जाति के लोगों का मौजूदा हालात का पता चल सके। जाति आधारित जनगणना आज समय की मांग है, ऐसी बहुत–सी जातियाँ है जो आरक्षण की हकदार हैं और उनको आरक्षण का लाभ नहीं मिला है। जातीय जनगणना का उद्देश्य बस आरक्षण तक सीमित रहना नहीं है, जाति जनगणना वास्तव में बड़ी संख्या में उन मुद्दों को सामने लाएगी जिसको सरकार द्वारा वरीयता देने की जरुरत है।

(लेखक–जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल एंड इंटीग्रेटिव साइंस में रिसर्च स्कॉलर हैं और छात्र राजद की एक्टिविस्ट हैं)

## गोधन न्याय योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलता संबल

**गोधन न्याय योजना के तहत अब तक राज्य में 10 हजार 112 गौठान स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 6112 गौठान निर्मित और संचालित हैं। इस योजना से लाभान्वित होने वालों में 44.51 प्रतिशत महिलाएं हैं। 48.10 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग, 7.82 प्रतिशत अनुसूचित जाति के तथा 40.58 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति वर्ग के पशुपालक हैं। 79 हजार से अधिक भूमिहीन परिवारों को इस योजना के माध्यम ...**

नसीम अहमद खान

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए गांवों में निर्मित गौठान और साल भर पहले शुरू हुई गोधन न्याय योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नया संबल मिला है। गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत अब तक 100 करोड़ रूपए से अधिक की गोबर खरीदी की जा चुकी है। खरीदे गए गोबर से राज्य के लगभग 6000 गौठानों में बहुतायत रूप से वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन महिला समूहों द्वारा किया जा रहा है। गौठानों अब तक उत्पादित एवं विक्रय की गई खादों का मूल्य 120 करोड़ रूपए के पार हो गया है। गोधन न्याय योजना में ग्रामीणों की बढ़–चढ़कर भागीदारी में इसे न सिर्फ लोकप्रिय बनाया है बल्कि इसके माध्यम से जो परिणाम हमारे सामने आए हैं वह बेहद सुखद है।

गोधन न्याय योजना अपने आप में एक ऐसी अनूठी योजना बन गई है, जो बहुआयामी उद्देश्यों को अपने आप में समाहित कर लिया है। इस योजना के शुरूआती दौर में लोगों के मन में कई तरह के सवाल और इसकी सफलता को लेकर आशंकाएं थी, जिसे गौठान संचालन समिति और गौठान से जुड़ी महिलाओं ने निर्मूल साबित कर दिया है। इस योजना से हमारे गांवों में उत्साह का एक नया वातावरण बना है। रोजगार के नए अवसर बढ़े हैं। पशुपालकों, ग्रामीणों को अतिरिक्त आय का जरिया मिला है। महिला स्व सहायता समूहों को को स्वावलंबन की एक नई राह मिली है।

पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के साथ–साथ उन्हें चारे–पानी का एक ठौर देने के उदेद्श्य गांवों में स्थापित गौठान और गोधन न्याय योजना के समन्वय से वास्तव में गौठान अब ग्रामीण के आजीविका के नया ठौर बनते जा रहे है। गौठानों में महिला समूहों द्वारा जिस लगन और मेहनत के साथ आयमूलक गतिविधियां सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। वह अपने आप में बेमिसाल है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का कहना है कि हमारे गांव शक्ति का केन्द्र रहे हैं। ग्रामीण संसाधनों ने इतनी शक्ति होती है कि उससे प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था संचालित हो। हमें अपनी संस्कृति, अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान से जुड़े रहकर विकास की गति को बढ़ाना हो तो इसका सबसे अच्छा साधन है अपने परम्परागत संसाधनों का सम्मान और मूल्य संवर्धन करते हुए ऐसा विकास, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता की सीधी भागीदारी हो।

गोधन न्याय योजना और हमारे गौठान वास्तव में ग्रामीणों की योजना है और उन्हीं के द्वारा उन्हीं की भलाई के लिए संचालित की जा रही है। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी की राशि का आंकड़ा 100 करोड़ के पार हो गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है। गोबर को बेचने वाले और खरीदने वाले और उससे वर्मी कम्पोस्ट से लेकर विविध उत्पाद तैयार करने वाले गांव के ही है। इससे यह बात स्पष्ट है कि हमारे गांव रोजगार और उत्पादन के केन्द्र बिन्दु बन सकते हैं, जो गांधी जी के ग्राम स्वराज का उद्देश्य है। छत्तीसगढ़ सरकार सुराजी गांव योजना– नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी और गोधन न्याय योजना के जरिए ग्राम स्वराज के सपने को पूरा करने की ओर तेजी से बढ़ रही है। गोधन न्याय योजना के तहत अब तक 100 करोड़ 82 लाख रूपए की गोबर की खरीदी गौठानों में हो चुकी है। गौठान समितियों को 32 करोड़ 94 लाख तथा महिला स्व–सहायता समूहों को अब तक 21 करोड़ 42 लाख रूपए के लाभांश का वितरण किया जा चुका है। गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण से लेकर आय अर्जन की विविध गतिविधियों में जुटीं समूह की महिलाएं लगन और मेहनत से जुटी है। उनकी लगन और मेहनत ने यह बात प्रमाणित कर दी है, कि परिस्थितियां चाहे जितनी भी विषम हो उसे पुरूषार्थ से पराजित किया जा सकता है। महिला समूहों ने उच्च गुणवत्ता की वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट खाद तैयार कर एक नया कीर्तिमान रचा है। छत्तीसगढ़ के गौठानों में उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट की मांग पड़ोसी राज्य भी करने लगे हैं। झारखंड राज्य ने डेढ़ लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट सप्लाई का आर्डर रायगढ़ जिले को मिला है। यह गर्व की बात है। छत्तीसगढ़ राज्य से लगे सीमावर्ती राज्यों के किसान भी छत्तीसगढ़ के बार्डर इलाके के गौठानों में आकर वर्मीकम्पोस्ट क्रय कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना को स्काच गोल्ड अवार्ड मिलना राज्य के लिए गौरव पूर्ण उपलब्धि है। गोधन न्याय योजना के तहत अब तक राज्य में 10 हजार 112 गौठान स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 6112 गौठान निर्मित और संचालित हैं। इस योजना से लाभान्वित होने वालों में 44.51 प्रतिशत महिलाएं हैं। 48.10 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग, 7.82 प्रतिशत अनुसूचित जाति के तथा 40.58 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति वर्ग के पशुपालक हैं। 79 हजार से अधिक भूमिहीन परिवारों को इस योजना के माध्यम से अतिरिक्त आय का जरिया सुलभ हुआ है। महिला समूहों द्वारा गौठानों में अब तक 7 लाख 80 हजार क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया गया है, जिसमें से 6 लाख 13 हजार क्विंटल खाद का विक्रय हो गया है। गौठानों में 3 लाख 46 हजार क्विंटल सुपर कम्पोस्ट खाद में से 1 लाख 60 हजार क्विंटल खाद बिक चुकी है। गौठानों में सफलतापूर्वक गोबर की खरीदी और आयमूलक गतिविधियों के संचालन से 1634 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं। यह गोधन न्याय योजना के सार्थकता और उसके जरिए होन वाले लाभ का परिणाम है।

(लेखक सहायक संचालक हैं)

**इस कठिन परिस्थिति में सरकार को दो कदम उठाने चाहिए। पहला यह कि पूंजी निवेश को बड़े हाइवे इत्यादि के स्थान पर ग्रामीण विद्युतीकरण, झुग्गियों में सड़क और कस्बों में वाईफाई आदि सुविधाओं की तरफ मोडना चाहिए, जिससे कि आम आदमी के लिए धंधा करना आसान हो जाए और वह आय अर्जित करके बाजार से माल खरीदने में सक्षम हो। दूसरे, सरकार को अपनी खपत और सरकारी ...**

## पेट्रोल 150 रुपये का मिले तो भी कोई बात नहीं

भरत झुनझुनवाला

विश्व बाजार में वर्ष 2015 में कच्चे तेल का मूल्य 111 डॉलर प्रति बैरल था। साल 2020 में यह घटकर 23 डॉलर प्रति बैरल रह गया। जैसे–जैसे तेल का मूल्य घटता गया, वैसे–वैसे केंद्र सरकार तेल पर वसूली जाने वाली एक्साइज ड्यूटी में वृद्धि करती रही। इस कारण देश में पेट्रोल के दाम इस दौरान लगभग 70 रुपये प्रति लीटर बने रहे। आज विश्व बाजार में ईंधन तेल का मूल्य फिर से बढ़कर 76 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। 2020 की तुलना में इसमें 3 गुना वृद्धि हुई। ईंधन तेल के मूल्य में हुई इस वृद्धि के दौरान सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती नहीं की बल्कि इन्हें पहले की तरह ऊंचा बनाए रखा। जब मूल्य गिर रहे थे, तब सरकार ने एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई। जब मूल्य बढने लगे, तब भी एक्साइज ड्यूटी को ऊंचा बनाए रखा। इस कारण से अभी तेल के दाम ऊंचे हैं।

नुकसान कम, फायदा अधिक

घरेलू बाजार में पेट्रोल का दाम 100 रुपये प्रति लीटर से भी ज्यादा हो गया है। पेट्रोल के दाम का थोक मूल्य सूचकांक में 1.6 प्रतिशत हिस्सा होता है और डीजल का 3.1 प्रतिशत। कुल महंगाई में तेल का हिस्सा छोटा है, इसलिए इसे अधिक तूल नहीं देना चाहिए। मैन्युफैक्चरिंग में मुख्यतरू बिजली का उपयोग होता है, ईंधन तेल का नहीं। इसलिए तेल की मूल्य वृद्धि का प्रभाव आर्थिक विकास पर कम ही पड़ेगा।

ईंधन तेल के मूल्य में वृद्धि का पहला लाभ है कि हमारी आयात पर निर्भरता कम हो जाएगी। वर्तमान में देश में खपत किए जाने वाले ईंधन तेल का लगभग 85 प्रतिशत आयात किया जाता है। तेल के मूल्य में वृद्धि से खपत कम होगी। कर्मचारी बाइक के स्थान पर बस से काम पर जाने लगेंगे। इसलिए ईंधन तेल के मूल्यों में वृद्धि से हमारी आर्थिक संप्रभुता की रक्षा होगी। दूसरा लाभ पर्यावरण का है। ईंधन तेल के जलने से कार्बन उत्सर्जन भारी मात्रा में होता है। तेल की मूल्य वृद्धि से खपत कम होगी और कार्बन उत्सर्जन में गिरावट आएगी।

देखने वाली बात यह है कि सरकार द्वारा ईंधन तेल से वसूल किए गए इस विशाल राजस्व का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है। वर्तमान वर्ष 2021–22 के बजट में सरकार ने पूंजी खर्च में 1.15 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि की है। लेकिन इस खर्च को तेल से मिले राजस्व से पोषित नहीं किया जा रहा है बल्कि इस अतिरिक्त खर्च को दूसरी पूंजी बेच कर पोषित किया जा रहा है। पिछले वर्ष सरकार ने 46 हजार करोड़ रुपये पूंजी को बेच कर अर्जित किए थे। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक इकाइयों के शेयर बेचकर। इस वर्ष दूसरी पूंजी को बेच कर 1.88 लाख करोड़ रुपये अर्जित करने का लक्ष्य है। इसे भी पिछले माह बढ़ाकर 6 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। स्पष्ट है कि पूंजी निवेश में 1.15 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि के सामने पूंजी विक्रय से 6 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

गंभीर विषय यह है कि सरकार ने तेल से अर्जित एक्साइज ड्यूटी का उपयोग अपनी खपत को पोषित करने में किया है। वर्तमान वर्ष के बजट में राजस्व खर्च जैसे सरकारी कर्मियों के वेतन इत्यादि में 12 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। हाल में ही 1 जुलाई को सरकार ने सरकारी कर्मचारियों का डीए 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत कर दिया है। ईंधन तेल से अर्जित अतिरिक्त



एक्साइज ड्यूटी का उपयोग कल्याणकारी परियोजनाओं के लिए भी नहीं किया जा रहा है। जैसे मनरेगा पर खर्च की जाने वाली रकम में वर्तमान वर्ष में 34 प्रतिशत की कटौती की गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना में बीते वर्ष 75 हजार करोड़ के खर्च के स्थान पर वर्तमान वर्ष में 65 हजार करोड़ रुपये खर्च का प्रस्ताव है। ग्रामीण विद्युतीकरण में पिछले वर्ष 4,500 करोड़ रुपये के स्थान पर वर्तमान वर्ष में 3,500 करोड़ रुपये के खर्च का प्रस्ताव है। इसलिए ईंधन तेल से वसूले गए राजस्व का उपयोग न तो पूंजी निवेश के लिए किया जा रहा है न ही जनकल्याण के लिए, बल्कि इसका उपयोग मुख्यतरू सरकारी खपत एवं सरकारी कर्मियों को बढ़े हुए वेतन देने के लिए किया जा रहा है।

इस समय अर्थव्यवस्था कमजोर है। इसका मुख्य कारण यह है कि आम आदमी के पास क्रय शक्ति नहीं है। कोविड के संकट ने उसकी बचत समाप्त कर दी है। वह अपनी खपत में कटौती कर रहा है। बाजार से माल की मांग तब ही बनेगी, जब आम आदमी के हाथ में क्रय शक्ति होगी और उसकी मांग की आपूर्ति के लिए कंपनियों द्वारा माल बनाया जाएगा।

आम आदमी की क्रय शक्तिः इस कठिन परिस्थिति में सरकार को दो कदम उठाने चाहिए। पहला यह कि पूंजी निवेश को बड़े हाइवे इत्यादि के स्थान पर ग्रामीण विद्युतीकरण, झुग्गियों में सड़क और कस्बों में वाईफाई आदि सुविधाओं की तरफ मोडना चाहिए, जिससे कि आम आदमी के लिए धंधा करना आसान हो जाए और वह आय अर्जित करके बाजार से माल खरीदने में सक्षम हो। दूसरे, सरकार को अपनी खपत और सरकारी कर्मचारियों के वेतन में कटौती करके रकम को आम आदमी के खाते में सीधे ट्रांसफर करना चाहिए जिससे कि आम आदमी के हाथ में क्रय शक्ति आए।

सरकार यदि पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में और भी वृद्धि करे तो उचित होगा। देश में पेट्रोल 150 रुपये प्रति लीटर बिके तो भी ठीक है। ऐसा करने से महंगाई में कुछ वृद्धि अवश्य होगी, लेकिन आम आदमी प्रभावित नहीं होगा। अर्जित रकम को आम आदमी के खाते में सीधे ट्रांसफर करने से उसकी भरपाई हो जाएगी। आर्थिक विकास प्रभावित नहीं होगा चूंकि बिजली सस्ती है। देश की आर्थिक संप्रभुता की रक्षा होगी। विश्व का पर्यावरण सुधरेगा। जरूरी यह है कि सरकार इससे अर्जित रकम जन हित में व्यय करे न कि सरकारी खपत बढ़ाने में।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का छठिहार

सलेमपुर, देवरिया। श्री मुरली मनोहर रास मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का छठिहार का आयोजन किया गया। महिलाओं ने सोहर व बधाई आदि पारंपरिक गीत गाए। महिलाओं ने सभी भक्तों के पैरों में महावर व आंखों में काजल लगाए। फिर लड्डू गोपाल को गोद में देकर न्योछावर मांगा। भगवान को छप्पन भोग लगाए गए। गायकों ने मंगल गीत गाए। इस अवसर पर गुरु वेदप्रकाश ने कहा कि प्रत्येक हिदू का धर्म है कि वह भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम, श्रद्धा, दिव्यता व भव्यता के साथ मनाएं। भव्यता तो धन से निर्मित की जा सकती है, लेकिन दिव्यता धन से निर्मित नहीं हो सकती। दिव्यता का संबंध श्री और भव्यता का संबंध लक्ष्मी से है। धर्म से अंतर सौंदर्य, अंतर वैभव व अंतर समृद्धि आती है। धर्म वह नहीं है, जिसके लिए लड़ाइयां होती हैं। जो संघर्ष पैदा करें उसे धर्म नहीं कहते। जगत की सारी भव्यता पदार्थों पर आश्रित है, किंतु दिव्यता अंतर की शोभा से आती है। इसीलिए भगवान की वास्तविक भक्ति दिव्यता से होनी चाहिए। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर देशदीपक सिंह, आनंद सिंह, रामरतन गुप्त, शंभू दयाल, पप्पू गुप्ता, मदन वर्मा, जयप्रकाश एडवोकेट, मुरारी लाल गुप्त, महेन्द्र पांडेय, किशन पांडेय, मयंक मिश्र, अंकित पांडेय, चंदू मौर्या, दीनदयाल पाठक, रामविलास तिवारी, गायत्री देवी, शैल देवी आदि मौजूद रहीं।

## जिले के 73 सरकारी विद्यालयों में जलभराव से लटके ताले

देवरिया । बाढ़ आने के कारण बरहज व रुद्रपुर क्षेत्र के 39 विद्यालयों में ताला लटक गया है। पूरे जनपद में जलभराव से 73 विद्यालय बंद चल रहे हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इन दिनों बरहज व रुद्रपुर क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप बढ़ गया है। कई गांव व मोहल्लों में पानी भरने से लोग परेशान हैं। 20 दिन पूर्व जनपद में हुई मूसलधार बारिश के चलते कई गांवों व कस्बों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। आनलाइन कक्षाएं संचालित करने में आ रही बाधाः जलभराव से बंद 73 विद्यालयों के छात्रों को आनलाइन शिक्षा दी जा रही है, लेकिन नेटवर्क की समस्या से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। हालांकि अधिकारी जलभराव कम होने पर कोर्स को पूरा कराने का दावा कर रहे हैं। इन विद्यालयों में भरा है पानी तरकुलवा विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पचरुखिया, जमुनी, हरैया, कोटवा, प्राथमिक विद्यालय खरहरिया, रामपुरगढ़, मठिया खरीद, हरपुर, अहिरौली, भरौटा, मोगलपुरा, पहाड़पुर, सोनरिया, कनकपुरा, रुद्रपुर के प्राथमिक विद्यालय पिड़हनी, लखनाघाट, इस्लामाबाद, गायघाट, सोनबह, रामपुर, सरया, पिड़री, जंगल भुउसवल, रतनपुर, तिघरा, जगरनाथपुर, रामकुटी, कोड़री, एकौना, श्रीनगर कोल्हुआ, कोलकेशव, मराछी टोला, लालपुर परसिया, डढिघ्या, भिरवा, नगवा दो, सोनबरसा, भेड़ी, मठिया पांडेय, मालपट्टी, करनपुरा, पिड़रा, बैदा कोड़र, हड़हा, बकरुआ, जगत मांझा, कृतपुरा, मठिया माफी, सिलहटा, भगवान मांझा, भाटपाररानी के प्राथमिक विद्यालय कल्याणी, बंजरवा, ततायर बुजुर्ग, धर्मखोर करन, महाड़पुर, बरडीहा, जावाडीह, गौतमा, बड़का गांव, विशुनपुरा, भाटपाररानी, मायापुर, सुकवा, रुस्तम बहियारी, भठवा पांडेय, बेल्थरा, मदनचक, भेड़ा पाकड़, सरया तथा बरहज विकास खंड के तीन विद्यालय शामिल हैं। 73 विद्यालयों में जलभराव की सूचना है। उन विद्यालयों में इन दिनों पढ़ाई प्रभावित है। आनलाइन कक्षाएं चलाई जा रही हैं।

## अंत समय प्रभु का नाम ही काम आएगाः रतन लाल

रामपुर कारखाना। अशोक इंटर कालेज डुमरी के प्रांगण में आयोजित जय गुरुदेव के पांच दिवसीय सत्संग के दूसरे दिन रतनलाल महाराज ने कहा कि अंत समय में प्रभु का नाम ही काम आएगा। इसलिए हरि के भजन में ज्यादा से ज्यादा समय दें। सत्य वचन बोलें। सच्चे मार्ग पर चलें शाकाहारी बनें। भक्तों ने शाकाहारी होने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शंकर यादव, दरोगा यादव, मुन्ना यादव, दीन दयाल यादव, राजीव तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बाइक की चपेट में आने से महिला की मौत

महराजगंज । बरगदवा थाना क्षेत्र के नौतनवा– ठूठीबारी मार्ग पर शाम बाइक की चपेट में आने से पिपरा गांव निवासी अधेड़ महिला लैतन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। पिपरा गांव निवासी रउफ की पत्नी लैतन बरगदवा कस्बा स्थित बाजार में खरीदारी करने आई थी। अभी वह एसबीआइ शाखा के समीप पहुंची ही थी कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रही बाइक की चपेट में आकर सड़क पर गिर लहूलुहान हो गई। भीड़ को जुटता देख बाइक सवार फरार हो गया। पुलिस के पहुंचने पर महिला दम तोड़ चुकी थी। घटना की सूचना स्वजन को हुई तो कोहराम मच गया। लोगों का रो–रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि अज्ञात बाइक की ठोकर से महिला की मौत हुई है, बाइक चालक की तलाश की जा रही है।

## नाले में डूबकर अधेड़ की मौत

महराजगंज । निचलौल नगर पंचायत के मेन तिराहे के समीप . रात नौ बजे कपिया निवासी प्रहलाद की नाले में डूबने से मौत हो गई। स्थिति गंभीर देख नागरिकों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल पहुंचाया, जहां चिकित्साकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। प्रहलाद शाम निचलौल नगर पंचायत में बाजार करने आए हुए थे। बाजार के बाद वह घर वापस जा रहे थे। साइकिल के हैंडल में सब्जी का झोला लटकाए वह निचलौल से घर के लिए निकले थे। रात में नौ बजे मुख्य तिराहे के करीब नाले में साइकिल गिरा देख नागरिकों का ध्यान गया तो उसमें प्रहलाद का शरीर देख लोगों ने बाहर निकाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल के चिकित्सक डा. विवेक गुप्ता ने बताया कि प्रहलाद को मृत हालत में हास्पीटल लाया गया था।

## पांच के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महेशपुर में मामूली बात को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। राजपति गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि गांव पर एक व्यक्ति से बात कर रहा था। इसी दौरान पांच लोगों ने गाली देते हुए पिटाई की। पुलिस ने गांव के फिदा हुसैन,जाकिर, ताज मोहम्मद, गोलू और छोटू के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# 535 लीटर कच्ची बरामद, 38 आरोपित गिरफ्तार

देवरिया। एसपी डा.श्रीपति मिश्र ने कहा कि जिले में कच्ची व अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने ईंट भट्ठों पर दबिश देकर कार्रवाई की, जिसमें 38 आरोपितों को 535 लीटर कच्ची के साथ गिरफ्तार किया गया। शराब बनाते 14 भट्ठियां नष्ट की गई। दो सौ क्विंटल लहन नष्ट किया गया। पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में आयोजित पत्रकार वार्ता कर उन्होंने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कच्ची के बनाने व बिक्री करने पर रोक लगाने के लिए अभियान के तहत कार्रवाई की गई। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए व क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के मकसद से प्रभावी कार्रवाई की गई। सभी थानाध्यक्षों को ईंट भट्ठों पर दबिश देकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया था, जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। विभिन्न प्रकरणों में कुल 27 व्यक्तियों के विरुद्ध 107,116 व 151 के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपितों में अधिकांश ईंट भट्ठों पर कच्ची बनाने व बिक्री कार्य में संलिप्त थे। इनके खिलाफ सख्त कदम उठाया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में संगीता देवी पत्नी स्व. नन्दलाल निवासी कालाबान थाना गौरीबाजार, सूरज उराव पुत्र शनी उराव निवासी मुरकी थाना सेन्हा जिला लोहरदग्गा झारखंड, रवि पुत्र रमेश गुप्ता निवासी कालाबन थाना गौरीबाजार, बबलू कुशवाहा पुत्र छद्दू कुशवाहा निवासी तरकुलवा थाना तरकुलवा, जितेंद्र चौहान पुत्र गोरख चौहान निवासी पकड़ी गोसाई थाना तरकुलवा, डबलू पटेल पुत्र रामशंकर पटेल निवासी मुण्डेरा थाना तरकुलवा, प्रमोद कुमार गोंड पुत्र दूधनाथ गोड़ निवासी पिपरहिया थाना तरकुलवा, महंथ राव पुत्र स्व. विजय राव निवासी द्वारिका थाना तरकुलवा समेत 38 आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# सरयू, राप्ती व गोर्रा का घटा जलस्तर, दुश्वारियां बरकरार

देवरिया। जिले में नदियों का जलस्तर कम होने के बावजूद बाढ़ पीड़ितों की दुश्वारियां कम नहीं हुई हैं। बरहज क्षेत्र में सरयू व रुद्रपुर इलाके में राप्ती व गोर्रा का जलस्तर स्थिर रहा। पिछले 24 घंटे में राप्ती और गोर्रा के जलस्तर में पांच सेमी व सरयू नदी के जलस्तर 15 सेमी कमी हुई है। इसके बावजूद नदियां खतरे के निशान से काफी ऊपर हैं। रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार . शाम गेज स्थल भेड़ी के समीप राप्ती 72.10 और गेज प्वाइंट पिड़रा के समीप 72.10 मीटर पर प्रवाहित हो रही थी। गोर्रा ने उच्चतम स्तर 72.15 को पार कर लिया था। पांच सेमी जलस्तर घटने के बावजूद दोनों नदियां अभी भी खतरे के निशान 70.50 से ऊपर हैं। जिससे अभी भी खतरा बना हुआ है। अभी भी राप्ती के तिघरा–मराक्षी तटबंध और गोर्रा के पांडेय मांझा राजधार, पिड़रा–भुसउल तटबंध के करीब दो दर्जन स्थानों से रिसाव थमा नहीं है। जिससे खतरा कभी भी हो सकता है। अगर नदियों का जलस्तर तेजी से घटा तो उतना ही कटान का खतरा बढ़ जाएगा। बरहज संवाददाता के अनुसार कपरवार में राप्ती नदी जलस्तर घट रहा है। दोनों नदियों का जलस्तर घटने से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। जलस्तर घटने के बाद भी बाढ़ से लोगों की मुश्किलें कम नहीं हुई है। बाढ़ का पानी आबादी और घरों में अभी भी है। प्रशासन, समाजसेवी लोग प्रभावित लोगों की मदद में जुटे हैं। तहसील प्रशासन बाढ़ के पानी से घिरे देवरहा बाबा आश्रम की गायों के लिए 15 कुंतल भूसा उपलब्ध कराया है। गोरखपुर जनपद के राप्ती नदी उस पार के पटना, कोलखास, पौहरिया गांव के पशुपालक पशुओं को चारा की किल्लत के कारण कपरवार, महेन गांवों में चराने के लिए लेकर आ रहे हैं। पशुपालक चारा को लेकर परेशान हैं। सरयू नदी खतरे के निशान 66.50 मीटर से ऊपर 67.95 मीटर पर बह रही है। सरयू नदी खतरे के निशान से 1.45 मीटर ऊपर है। 24 घंटे में जलस्तर में 15 सेंटीमीटर की कमी आई है।

# मदनपुर–केवटलिया बांध में रिसाव से दहशत

मदनपुर। मदनपुर–केवटलिया तटबंध में रात दोबारा रिसाव शुरू हो गया। एक जगह रिसाव रोकने में जुटे विभाग में दूसरी जगह रिसाव की सूचना से खलबली मच गई। पूरी रात प्रयास करने के बावजूद रिसाव बंद नहीं हो सका। जिसको लेकर तटवर्ती क्षेत्र के लोगों में दहशत है। राप्ती नदी पर बबना 1.54 किमी लंबा संवेदनशील मदनपुर–केवटलिया तटबंध पर दर्जनभर से अधिक गांव की सुरक्षा का भार है। मंगलवार को 1.4 किमी पर शुरू हुए रिसाव किसी तरह रूका तो रात 0.8 किमी पर तेज रिसाव शुरू हो गया। मजदूरों के साथ पूरी रात गांव के लोगों द्वारा अथक प्रयास के बावजूद स्थिति पर काबू नहीं किया जा सका। क्षेत्र के अमरेंद्र उर्फ गुड्डू राव, सदानंद सिंह, बिदू गोंड, हरिकिशुन सिंह, बुलबुल सिंह, संदीप निषाद, तेज बहादुर सिंह, रामानुज सिंह का कहना है कि विभागीय लापरवाही का खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं। समय से तटबंध के रैट होल, रेनकट को नहीं पाटने की वजह से बाढ़ का पानी बांध में सुराख ढूंढने में कामयाब रहा है। विभाग बाढ़ को लेकर अलर्ट है। बांध में लीकेज की सूचना मिलते ही बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। जल्द ही रिसाव पर काबू पा लिया जाएगा। राप्ती और गोर्रा का जलस्तर अभी लाल निशान से ऊपर जासं,रुद्रपुर रू दोआबा में पिछले चौबीस घंटे के दौरान राप्ती और गोर्रा के जलस्तर में पांच सेमी कमी दर्ज की गई है। शाम गेज स्थल भेड़ी के समीप राप्ती 72.10 और गेज प्वाइंट पिड़रा के समीप 72.10 मीटर पर प्रवाहित हो रही थी। गोर्रा ने उच्चतम स्तर 72.15 को पार कर लिया था। पांच सेमी जलस्तर घटने के बावजूद दोनों नदियां अभी भी खतरे के निशान 70.50 से काफी ऊपर हैं।

## भारत में घुसते समय इटली का नागरिक गिरफ्तार

महराजगंज। ठूठीबारी थाना क्षेत्र के भारत–नेपाल सीमा स्थित लक्ष्मीपुर खुर्द के पगडंडी के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे इटली निवासी व्यक्ति को एसएसबी ने गिरफ्तार कर पुलिस को सौंप दिया है। पूछताछ में उसके पास से एक वीजा व पासपोर्ट बरामद हुआ है, जिसकी वैधता तिथि 2020 में ही समाप्त हो चुकी है। पकड़े गए विदेशी नागरिक से सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ कर रहीं हैं। भारत– नेपाल सीमा स्थित ग्राम लक्ष्मीपुर खुर्द के पगडंडी रास्ते से अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे एक विदेशी नागरिक को एसएसबी शीतलपुर के जवानों ने पकड़ लिया। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पूछताछ के दौरान पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मैटियो डी रोज निवासी इटली के रोम शहर बताया है। उसके पास से एक वीजा व पासपोर्ट बरामद हुआ है। वीजा एक्सपायर होने के कारण वह अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहा था। एसपी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि इटली के एक व्यक्ति को अवैध रूप से भारत में घुसपैठ करते गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उससे पूछताछ की जा रही है।

# रहें सावधान, वरना हो जाएंगे हनी ट्रैप का शिकार

महराजगंज। आनलाइन फ्राड के मामलों में खातों से रुपये लेन–देन के इस बदलते दौर में साइबर अपराधियों ने लोगों को ठगने के नये–नये हथकंडे अपना लिए हैं। उनके इस गैंग में लड़कियां भी शामिल हैं। इसीलिए यदि आपके पास फेसबुक पर किसी खूबसूरत डीपी वाली अनजान युवती की फ्रेंड रिक्वेस्ट आए तो सावधान हो जाएं। यदि आप उसकी खूबसूरती पर फिसल गए तो झंझट में फंस सकते हैं। यह पहले इनबाक्स में चौट करेंगी और फिर आपसे वाट्सएप नंबर मांगेंगी। अपनी बातों में उलझाकर यह वाट्सएप पर वीडियो कालिग कर अश्लील बातें और अंग प्रदर्शन करेंगी, ताकि आप आसानी से इनके जाल में फंस जाएं। इस दौरान सामने वाले को भी अंग प्रदर्शन के लिए भी उकसाने का कार्य करती हैं। उधर पूरी गतिविधियों को रिकार्ड कर कुछ देर बाद खुद को क्राइम ब्रांच या किसी अन्य टीम का अधिकारी बताकर लोग आपको धमकाकर उक्त वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आपसे वसूली करेंगे। अगस्त महीने में दर्ज किए गए सर्वाधिक 27 मामले वैसे तो साइबर पुलिस के पास हनी ट्रैप के मामले आते ही रहते हैं, लेकिन अगस्त महीने में ऐसे सर्वाधिक मामले रिपोर्ट किए गए हैं। इन 27 मामलों में एक ही गैंग की लड़कियां शामिल हैं। साइबर सेल के प्रभारी मनोज कुमार पंत ने बताया कि वर्ष 2021 में अगस्त महीने को छोड़कर पहले एक माह में तीन से चार मामले आते थे। लेकिन अगस्त महीने में ही अचानक इस गैंग ने जिले के लोगों को टारगेट करना शुरू किया है। अभी दो दिन पूर्व ही सदर कोतवाली और सिदुरिया थाना क्षेत्र के तीन युवकों को इस गैंग ने फंसाने का कार्य किया है। हालांकि अभी किसी से भी रुपये लेने की सूचना नहीं है। इन सभी 27 लोगों से वीडियो वायरल करने के नाम पर रुपये मांगे जाने की सूचना पर इनके कांटेक्ट्स ब्लाक कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। श्हनी ट्रैप के मामलों में पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर साइबर सेल जांच में जुटी हुई है। साथ ही लोगों को गांव–गांव पहुंचकर पुलिस टीम आनलाइन ठगी और हनी ट्रैप आदि के बारे में जागरूक कर रही है।

## नेपाल पुलिस ने बरामद किया तस्करी का सामान

महराजगंज । नेपाल पुलिस ने एक अभियान चलाकर बीते तीन दिन में तस्करी के विभिन्न सामानों व तस्करी में प्रयुक्त एक भारतीय नंबर प्लेट की बाइक को जब्त कर बेलहिया भंसार कार्यालय के हवाले कर दिया है। पकड़े गए तस्करी के सामानों की कीमत करीब ढाई लाख रुपया आंकी गई है। नेपाल पुलिस को सूचना मिल रही थी कि सीमा सटे भारतीय गांव खनुआ, हरदी डाली, सुंडी, शेख फरेंदा व भगवानपुर के रास्ते भारी मात्रा में तस्करी के सामान सरहद आरपार किए जा रहे हैं। जिस पर एक टीम गठित कर तस्करों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया। बीते तीन दिन में रुपनदेही जिला के रोहिणी गांव पालिका 6 के ललितपुर पकडिघ्यहवा में भारत से लाई गई 16 हजार मूल्य की चीनी बरामद हुई। मायादेवी गांव पालिका में करीब 95 हजार मूल्य के कपड़ा, चीनी व मोटर पार्ध्ट्स बरामद हुए। मझगावां थाना की पुलिस ने कोटही माई गांव पालिका 5 के पास एक भारतीय नंबर प्लेट बाइक पर लदे 28 अदद मुर्गा के साथ पकड़ा। खजहनी गांव के पास करीब 24 हजार मूल्य के कपड़े बरामद हुए। धकधई गांव के पास करीब 32 हजार रुपये मूल्य की चीनी व हरा मटर बरामद हुआ। रुपनदेही के जिला प्रहरी कार्यालय के डीएसपी सत्यनारायण थापा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया तस्करी रोकने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। जिसने बीते तीन दिन में करीब ढाई लाख मूल्य के तस्करी के सामान व भारतीय मोटरसाइकिल को पकड़ा है।

# कोर्ट आदेश को दर किनार कर एस डी ओ नहर ने सीमांकन करने का किया प्रयास

### राजस्व टीम के न होने से सीमांकन का कार्य रहा अधूरा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला बाजार गोरखपुर 7 सितंबर ।गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम अतरौरा में काफी दिनों से चल रहे बासमती व देवब्रत यादव के बीच जमीनी बिबाद में बासमती के आराजी नम्बर 459 से सरयू नहर की मुख्य शाखा निकलने के कारण देवब्रत द्वारा बार बार दिए जा रहे आई जी आर एस पर नहर बिभाग की जमीन का सीमांकन राजस्व बिभाग व नहर बिभाग के संयुक्त टीमद्वारा होना मंगलवार को सुनिश्चित था। लेकिन सिविल न्यायालय में बासमती द्वारा ऊक्त आरजियात के बाबत दाखिल बाद संख्या 436ध्2021 व उप जिलाधिकारी न्यायालय दाखिल बाद संख्या 228ध्21ध्धारा 116 व बासमती बनाम ग्राम सभा धारा 24 का अवलोकन करते हुए उप जिलाधिकारी गोला राजेन्द्र बहादुर ने राजस्व निरीक्षक को स्पष्ट आदेश जारी किया कि मा सिविल न्यायालय में बाद लंबित है मा सिविल न्यायालय के आदेश के कोई अबैध हस्तक्षेप न करें ।ऊक्त आदेश का बावजूद सरयू नहर बिभाग प्रथम के सहायक अभियंता सुनील कुमार शर्मा अपनी टीम जिलेदार नरेंद्र प्रसाद जे ई राधे मोहन दयाशंकर अमित कुमार सर्वेश सतीश विनोद के साथ ऊक्त आराजी नम्ब र का सीमांकन करने पहुच गए । ऊक्त आरजियात का मालिक ने मा एस डी एम गोला का आदेश व सिविल न्यायालय द्वारा प्राप्त जबाब सवाल की प्रति एस डी ओ को उपलब्ध कराया ।लेकिन एस डी ओ ऊक्त कागजात को मानने के लिए तैयार नही हुये। और अपने स्तर से यह कहते हुए सीमांकन आरम्भ कर दिया कि नहर बिभाग के जमीन का मालिक हम है दूसरा कौन होता है ।उन्होंने चौड़ाई का सीमांकन कराया ।लेकिन जब उनसे कहा गया कि ऊक्त आराजी से नहर बिभाग में गयी जमीन के लम्बाई का सीमांकन कर रकबा बता दीजिए ।तब उनकी कार्यवाही रुक गयी ।और कहा कि जब तक राजस्व टीम नही होगी ।तब तक नहर के जमीन का सीमांकन होना असम्भव है । और दोनो पक्षो से एक लिखित लिया कि जब तक सीमांकन राजस्व टीम नही करती है तब तक दोनो पक्ष किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नही करेंगे ।जिस पर आरजियात के मालिक ने हस्ताक्षर बना दिया लेकिन दूसरा पक्ष हस्ताक्षर बनाने से मुकर गए । जिस पर एस डी ओ ने कहा कि हम उप जिलाधिकारी महोदय से सीमांकन के लिए अनुरोध करूंगा ।और यह कह कर चले गए ।प्रश्न यह खड़ा पड़ा है कि तहसील के मुखिया का आदेश नहर बिभाग के लिए कोई मायने नही रखता है ।सिविल न्यायालय के आदेश को कुछ मानने को तैयार नही है ।जबकि मा सिविल न्यायालय में अधिशाषी अधिकारी नहर बिभाग व उ प्र सरकार पक्षकार है ।शासकीय अधिवक्ता हाजिर होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए जबाबदेही दाखिल कर दिए है । जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि भूमिधरी की जमीन में अगर सिविल न्यायालय में मुकदमा चल रहा है तो उसका निर्णय मा न्यायालय द्वारा ही होगा ।कोई हस्तक्षेप नही करेगा । लेकिन नहर बिभाग के इस कार्यवाही से प्रश्न चिन्ह खड़ा हो चुका है ।

## 51690 लोगों को लगा टीका, 2754 की हुई जांच

महराजगंज। कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण ही बेहतर उपाय है। .कोरोना से बचाव के टीकाकरण को लेकर मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 118 केंद्रों पर 51690 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। कई केंद्रों पर समय से पहले टीका समाप्त हो जाने पर लोगों को वापस लौटना पड़ा। वहीं कुल 2754 लोगों की कोरोना की जांच हुई। सुबह से ही जिला महिला अस्पताल समेत निचलौल, सिसवा, नौतवा और लक्ष्मीपुर में जांच कराने और टीकाकरण के लिए लोगों की लाइन लगी हुई थी ।गांवों में स्वास्थ्यकर्मियों ने भी शिविर आयोजित कर लोगों को टीका लगाया। सुबह से लेकर शाम तक टीकाकरण का कार्य चलता रहा। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि एंटीजन से 1357 लोगों की जांच की गई है। जबकि 1397 लोगों की आरटीपीसीआर जांच के लिए नमूना भेजा गया है। अब तक 927736 लोगों लगा टीकाः जिले के 118 केंद्रों पर कुल 51690 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। इस तरह जिले में अबतक 927736 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लग चुका है। इसमें 797656 लोगों को प्रथम डोज तथा 130080 युवक, महिलाएं, बुजुर्गों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। वैक्सीन कोल्डचेन मैनेजर यूएनडीपी नागेंद्र पांडेय ने बताया कि जिले में करीब 80 हजार टीका की उपलब्धता है। नहीं मिला कोई मरीजः जिले में कोरोना मरीज मिलने का आंकड़ा स्थिर है। एक भी कोरोना मरीज नहीं मिले हैं। जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 12429 हो गई है। इसमें 12281 मरीज ठीक हो चुके हैं। जबकि 138 की मौत हो चुकी है। वर्तमान में सक्रिय मरीजों की संख्या आठ है।

## जनता की सेवा करना मेरे जीवन प्रथम लक्ष्य है : रविकांत तिवारी

चौरा चौरी। वरिष्ठ भाजपा नेता रविकांत तिवारी ने बाढ़ पीड़ितों के मदद के लिए मिसाल कायम किये हैं ।पांच दिन से लगातार बाढ़ पीड़ित की मदद करने के लिए दिन रात एक कर दिए और कहीं भी अगर रिसाव की सूचना मिल रहा है तो तत्काल मौके पर पहुँचकर अधिकारियों से वार्ता कर तत्काल व्यवस्था करवा रहें और एवं पीड़ितों को हर सम्भव मदद कर रहें और इनके कार्य के देखकर क्षेत्र की जनता भी काफी सराहना कर रही है और लोगों ने कहा कि भाजपा नेता ने इस विपदा की घड़ी में जिस तरह बाढ़ पीड़ितों के लिए जो त्याग किया है वह काबिले तारीफ है । और यह लगातार जनता की सेवा कर रहे हैं हमलोगो के प्रथम सूचना पर तत्काल मौके पर पहुँचकर हमलोगों की मदद करते हैं और युवाओं ने कहा कि बाढ़ की हालात खत्म होगा तो भाजपा नेता रविकांत तिवारी को को युवाओ द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर धीरेन्द्र दुबे,राहुल मौर्या, मदन राजभर, सुशील सिंह,रामनगीना मौर्या,विजय कुमार, आनंद भारती, सचिन यादव, सतेन्द्र राजभर, विपुल यादव, सूरज यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

# सपा की मासिक बैठक सम्पन्न



दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला, गोरखपुर। मंगलवार को विधानसभा चिल्लूपार के मदरिया में स्थित पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने किया बैठक में आगामी 2022 के चुनाव में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया और बूथ अस्तर पर पार्टी को मजबूत करने की चर्चा की गई। समाजवादी पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय नरेश उत्तम पटेल के गोरखपुर आगमन को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम तैयार किया गया। बैठक को विधानसभा चिल्लूपार के वरिष्ठ नेता मनीष पाण्डेय, विजय कुमार यादव, विधानसभा, प्रभारी मिर्जा कदीर वेग, धर्मेंद्र यादव, अजमल सेख, चंचल पाण्डेय ने संबोधित किया। बैठक का संचालन विधानसभा विधानसभा महासचिव रामनिवास निषाद ने किया।

# 8 सितम्बर को कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे माध्यमिक शिक्षक

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक 8 सितम्बर को प्रदेश व्यापी कलमबंद हड़ताल करेगा। जिसके तहत सन्तकबीरनगर जनपद के सभी विद्यालयों के शिक्षक हड़ताल पर रहेंगे। जिलाध्यक्ष संजय द्विवेदी व महामंत्री गिरिजानंद यादव ने बताया कि हड़ताल को सफल बनाने की जिम्मेदारी ब्लाकवार दे दी गयी है। श्री ए. एच. एग्री इंटर कालेज दुधारा में माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक की संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शिक्षा संहिता विरोधी



शासनादेश दिनांक 2 अगस्त 2021 का मुद्दा माननीय शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल ने गत विधान परिषद के सत्र में सदन में नियम 105 काम रोको प्रस्ताव के तहत उठाया था। जिस पर माननीय उपमुख्यमंत्री एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने अपना वक्तव्य दिया था कि कोई भी शिक्षक अधिनियम में वर्णित पीरियड संख्या से अधिक पीरियड नहीं पढ़ाएगा , किंतु सभी को विद्यालय में प्रातः 8रू00 बजे से 4रू30 बजे तक रोका जा रहा है । उन्होंने बताया कि उनके वक्तव्य का उच्चाधिकारियों द्वारा अनुपालन नहीं किए जाने और शिक्षा संहिता की धारा 86(1) एवं 87 जिसके अनुसार ग्रीष्म काल में विद्यालय का समय 4 घंटे 35 मिनट एवं शीतकाल में 5 घंटे 20 मिनट होने का प्रावधान है, के संबंध में शासनादेश जारी नहीं होने पर प्रदेश की राज्य परिषद की बैठक में दिनांक 29 अगस्त 2021 को लखनऊ में लिए गए निर्णय के अनुसार विद्यालय समय शिक्षा अधिनियम के अनुसार करने को लेकर दिनांक 8 सितंबर 2021 को जनपद के सभी शिक्षक हस्ताक्षर पंजिका में उपस्थिति दर्ज कर कार्य बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिनियमित व्यवस्था के अनुसार विद्यालय संचालन को लेकर आपसे संगठन की अपील है कि आप सक्रिय रुप से इस बहिष्कार कार्यक्रम को सफल बनाएं और संगठन को ताकत दें, ताकि विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन के लिए सरकार को मजबूर किया जा सके।

# ग्राम पंचायत डाड़ी खास और गाजेगाढ़ा में आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला, गोरखपुर। विकास खण्ड गोला के ग्राम पंचायत डाड़ी खास और ग्राम पंचायत गाजेगाढ़ा में सीडीपीओ की मौजूदगी में आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। शासन द्वारा पुरे जनपद के समस्त ग्राम सभा में जहां आंगनबाड़ी केंद्र का नव निर्माण हुआ है। वहां वहां पर आज ही के दिन क्षेत्रीय सांसद के हाथों उद्घाटन होना सुनिश्चित था। चूंकि सांसद महोदय बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में ब्यस्त है। इसके चलते उनके प्रतिनिधियों द्वारा उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। उसी क्रम में 7 सितम्बर मंगलवार को ग्राम पंचायत डाड़ी खास में सांसद प्रतिनिधि हियुवा के जिला उपाध्यक्ष रतन प्रकाश दूबे और ग्राम



पंचायत गाजेगाढ़ा में बरिष्ठ भाजपा नेता नित्यानंद मिश्र ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद यहां बच्चों का अन्नप्रासण और महिलाओं का गोदभराई भी की गई। सांसद प्रतिनिधियों द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में यहां उपस्थित लोगों बताया गया। और साथ ही साथ डाड़ी खास में पुर्व प्रधान विंध्यवासिनी सिंह द्वारा सुंदर सुव्यवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र बनवाने की प्रसंसा भी की। इस कार्यक्रम में सीडीपीओ सुमन गौतम, जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश भारती, पुर्व प्रधान प्रतिनिधि पवन सिंह, प्रधान राजू यादव, शैलष मिश्रा गुड्डू सिंह, मुख्यसेविका गुलाबी देवी ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सुनीता सिंह ,ज्ञानमती देवी ,अनिता मिश्रा, सरोज राय,शर्मिंदा देवी ,प्रेमशीला देवी, लालमन मौर्य आदि भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हर व्यक्ति की समस्या का किया जाएगा समुचित समाधान– केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सरकारी आवास 7–कालिदास पर आज फिर जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के कोने कोने से आए लोगों ने अपनी समस्याएं उप मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखी ।जनता दर्शन कार्यक्रम में आगन्तुकों की भारी भीड़ रही ।उप मुख्यमंत्री ने एक–एक व्यक्ति से सीधे संवाद करते हुये उनकी समस्या को पूरी गंभीरता से सुना और उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। डिप्टी सी एम श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कई मामलो के निस्तारण के सम्बन्ध में शासन के उच्चाधिकारियो व जिला अधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की ।उन्होने कहा किसी भी व्यक्ति को निराश नहीं किया जाएगा। हर एक व्यक्ति की समस्या का समुचित व त्वरित गति से समाधान कराया जायेगा ।फरियादियो में पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग व दिव्यांग भी शामिल शामिल रहे ।उपमुख्यमंत्री दिव्यांगों के पास चल कर खुद गए उनसे प्रार्थना पत्र लिया, उनकी बात को पूरी गंभीरता से समझा और उनकी समस्या के निस्तारण का विश्वास दिलाया ।कासगंज और कौशाम्बी के कुछ भूमि विवाद के मामलो मे अधिकारियों को निर्देश दिए कि उच्च स्तरीय टीम गठित कर मौके पर भेजा जाए और न्याय दिखाया जाय ।

# मध्य विधानसभा के चहुमुँखी विकास के लिए कटिबद्ध: ब्रजेश पाठक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधायी न्याय एवं ग्रामीण अभियन्त्रण मंत्री ब्रजेश पाठक ने आज अपने विधायक निधि से मध्य विधानसभा क्षेत्र लखनऊ में वीवीआईपी गेस्ट हाउस के पास 64.99 लाख रूपये की लागत से पूरी करायी गई 12 विभिन्न विकास सम्बन्धी परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि वीवीआईपी गेस्ट हाउस के पास सुलभ शौचालय की व्यवस्था न होने के कारण पत्रकार बन्धुओं एवं आगन्तुकों को समस्या का सामना करना पड़ता था। विशेष तौर पर पत्रकार साथियों की मांग के अनुसार इस सुलभ शौचालय का जो कि पुरूष एवं महिलाओं के लिए निर्माण कराकर समर्पित किया जा रहा है। विधायी एवं न्याय मंत्री आज अपने विधायक निधि से मध्य विधानसभा क्षेत्र लखनऊ के वीवीआईपी गेस्ट हाउस के पास मध्य विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत कराये गये विकास सम्बन्धी परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आमजन मानस को बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। जनता की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए मध्य विधानसभा क्षेत्र में विकास संबंधी कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन मानस की आगे और भी जो विकास संबंधी कार्य कराने होंगे उनको भी प्राथमिकता पर पूरा कराकर उनको समर्पित किया जायेगा। श्री पाठक ने कहा कि मध्य विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर हूॅ। इसके चहुमुँखी विकास में कोई कमी नहीं रखूंगा। उन्होंने कहा कि मध्य विधानसभा क्षेत्र सम्पूर्ण विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नाली, नालों एवं सड़कों की नियमित रूप से साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायें, ताकि बरसात के मौसम में जल भराव न होने पाये तथा बीमारियों से बचा जा सके ।विधायी एवं न्याय मंत्री ने विक्रमादित्य वार्ड, माल एवेन्यू स्थित 4.54 लाख रूपये की लागत से वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर खाली पड़े स्थान पर पुरूष एवं महिलाओं के लिए आधुनिक सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य, इसी वार्ड के अन्तर्गत 8.20 लाख रूपये की लागत से पुराना किला सर्वपल्ली में बी0आर0 अपार्टमेंट के सामने नाली व रोड का सुधार, इसी वार्ड के अन्तर्गत 7.31 लाख रूपये की लागत से शिवपुरम 10, माल एवेन्यू में तीन गलियों, पहली सुभाषचन्द्र यादव के घर की, दूसरी गली घनश्याम चौबे एवं तीसरी गली नारायण शुक्ला के घर तक टाइल्स लगाने के कार्यों का लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त इसी वार्ड के अन्तर्गत 4.05 लाख रूपये की लागत से 10 माल एवेन्यू शिवपुरम में स्थित 10 मीटर नाले का निर्माण, राजीव गांधी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत 9. 80 लाख रूपये की लागत से विजयखण्ड में मछली पार्क का सौन्दर्यीकरण, इसी वार्ड के अन्तर्गत 9.90 लाख रूपये की लागत से विजयखण्ड में मकान सं0–1घ63 प्रेरणा पार्क का सौन्दर्यीकरण, इसी वार्ड के अन्तर्गत 0.99 लाख रूपये की लागत से लोधपुरवा भीम नगर में गुरू प्रसाद गौतम के घर के पास समरसेबिल पम्प बोरिंग व पानी की टंकी लगाने तथा इसी वार्ड के अन्तर्गत 0.99 लाख रूपये की लागत से बड़ी जुगौली में समरसेबिल पम्प बोरिंग व पानी की टंकी लगाने के कार्यों का भी लोकार्पण किया ।इसके अलावा श्री पाठक ने रफी अहमद किदवई वार्ड के अन्तर्गत 6.74 लाख रूपये की लागत से विपुलखण्ड–3 में 3घ101 से 3घ105 होते हुए 116 तक नाली एवं साई पटरी पर इन्टरलॉकिंग, इसी वार्ड के अन्तर्गत 0.99 लाख रूपये की लागत से आर0जे0 काम्पलेक्स के अपोजिट केनरा बैंक के सामने विकासखण्ड–5 ग्वारी में समरसेबिल पम्प बोरिंग व पानी की टंकी लगाने के कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही पेपरमिल वार्ड के अन्तर्गत 6.50 लाख रूपये की लागत से जुगौली में आर0पी0 शर्मा के मकान से भुइयन देवी स्थल तक सी0सी0 रोड एवं इसी वार्ड के अन्तर्गत 4.98 लाख रूपये की लागत से जुगौली में जटाशंकर के मकान से नरेश अग्रवाल के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिंग कार्यों का लोकार्पण किया ।इस लोकार्पण कार्यक्रम में अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम पी0के0 सिंह, सहायक अभियन्ता सतीश चन्द्र रावत, अवर अभियन्ता किशोरी लाल, मण्डल अध्यक्ष आनन्द पाण्डेय, हिमांशु सोनकर, सभासद रामकृष्ण यादव, सभासद संजय सिंह राठौर, मण्डल उपाध्यक्ष मृदुल यादव, आदित्य द्विवेदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि रमाशंकर शुक्ला, शुभम गुप्ता, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष राजू कश्यप, दीपक सोनकर, अमर सोनकर सहित अन्य गणमान्य लोक उपस्थित थे।

## कीटनाशक विक्रेताओं के लिए दिशा निर्देश जारी

रायबरेली । कीटनाशक विक्रेताओं के प्रतिष्ठान पर निरीक्षणध्छापे के दौरान प्रायः देखा जाता है कि कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 के अन्तर्गत कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा विक्रय किये जा रहे स्टाक की सूचना माह की 25 तारीख तक कार्यालय में उपलब्ध नही कराते है तथा कृषकों को कैश मेमो भी उपलब्ध नहीं कराते है। कृषि रक्षा रसायन अनुज्ञप्ति धारियों का यह दायित्व है कि बैंच संख्या तथा अन्तिम प्रयोग तिथि लिखा हुआ कैशमेमो किसानों को अनिवार्य रूप से दे किसान को कृषि रक्षा रसायन प्रयोग के बारे में भी तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराये। बिक्री हेतु नियुक्त तकनीकी कर्मचारी होने की दशा में वेतन प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से कार्यालय में जमा करें। जनपद के समस्त कीटनाशक लाइसेंस धारियों विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि कीटनाशक नियमावली 1971 के नियम निर्देशों का पालन करते हुए व्यापार करें। निरीक्षण के दौरान यदि कोई उल्घंन पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

## पतरिहा गांव में तिल के खेत में मिला युवक का शव, परिजनों में कोहराम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र के पतरिहा गांव में मंगलवार सुबह तिल बोए हुए खेत में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।जानकारी के अनुसार पतरिहा गांव निवासी मिथलेश कुमार मिश्रा उर्फ छोटू (24 वर्ष) पुत्र देवेंद्र नाथ मिश्रा सोमवार की शाम तकरीबन पांच बजे घर से बाहर घूमने निकला था ।रात में उसके घर नहीं लौटने पर परिजन अगले दिन मंगलवार को उसकी खोजबीन शुरू कर दिए। इसी बीच लगभग नौ बजे सुबह उसका शव घर से तकरीबन पांच सौ मीटर दूर तिल के खेत में पड़ा हुआ मिला। घटना की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। मृतक के पीठ एवं हाथ की अंगुलियों पर करंट से झुलसे होने के संकेत दिखाई दे रहे हैं वहीं सिर के पिछले हिस्से में खून का थक्का जमा हुआ है ।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे विंढमगंज थाना प्रभारी विनोद कुमार सोनकर ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवाया कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल जाएगा ।उन्होंने बताया कि इस संबंध में परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## भाजपा युवा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य का सोनभद्र में भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा शैलेंद्र मौर्या का सोनभद्र



आगमन पर कार्यकर्ताओं नें भव्य स्वागत किया उसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, विशाल पांडे, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी विपिन तिवारी की मौजूदगी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक हुई, शैलेंद्र मौर्या ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को संक्षेप में आगामी चुनाव को लेकर चर्चा कर युवाओं में जोश भरा कार्यक्रम में उपस्थित, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष समीर मिश्रा , क्षेत्रीय मंत्री श्रवण जायसवाल , क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य पवन पांडे , सौरव श्रीवास्तव, भाजपा महामंत्री श्यामसुंदर निषाद कृष्ण मुरारी गुप्ता , भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री रजनीश रघुवंशी व सैकड़ों युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय पोषण माह 2021 की शुरुआत

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां लोक भवन में 'राष्ट्रीय पोषण माह, 2021' का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने गोद भराई कार्ड 'शगुन' तथा आई0सी0डी0एस0 विभाग के मैस्कॉट 'आँचल' का विमोचन किया। राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने 05 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा 10 बच्चों को उपहार स्वरूप फलों की टोकरी वितरित की ।राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश के 24 जनपदों में लगभग 4,142 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 529 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, मुख्य सेविकाओं व बाल विकास परियोजना अधिकारियों को प्रशस्ति–पत्र तथा उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा नवचयनित 91 बाल विकास परियोजना अधिकारियों को नियुक्ति–पत्र वितरित किया गया ।राज्यपाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश को सशक्त, सक्षम व समृद्ध बनाने के लिए महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा महिलाओं व बच्चों के पोषण के लिए उल्लेखनीय प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों में कुपोषण दूर करने सम्बन्धी कार्यक्रमों के परिणामों का अध्ययन कराकर उन्हें और बेहतर बनाया जा सकता है। कुपोषण से छुटकारा दिलाने में जनसहभागिता की उपयोगी भूमिका है ।मुख्यमंत्रीने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश को समर्थ और सशक्त राष्ट्र के रूप में विकसित करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना को साकार करने के लिए महिलाओं व बच्चों का पोषण आवश्यक है। इसके दृष्टिगत प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2018 से देश में प्रतिवर्ष सितम्बर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाये जाने का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। आज चौथे राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की मंशा है कि प्रत्येक माता व बच्चा स्वस्थ व सुपोषित हो। राष्ट्रीय पोषण माह के प्रभावी ढंग से संचालन तथा समाज के अन्तिम पायदान के व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाने के लिए कार्यक्रम में जनसहभागिता आवश्यक है ।मुख्यमंत्री ने कहा कि 'राष्ट्रीय पोषण अभियान, 2021' के तहत विभिन्न गतिविधियों पर विशेष बल दिया जाएगा। पोषण माह के प्रथम सप्ताह में पोषण वाटिका की स्थापना हेतु पौधरोपण अभियान संचालित किया जाएगा। इसके तहत सरकारी स्कूलों, आवासीय स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायत की अतिरिक्त भूमि पर पौधरोपण किया जाए। माह के दूसरे सप्ताह में योग व आयुष से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान किशोरियों, बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं को केन्द्रित करते हुए योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा। तृतीय सप्ताह के दौरान पोषण सम्बन्धी प्रचार–प्रसार सामग्री, अनुपूरक पोषाहार वितरण आदि से सम्बन्धित कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे। चौथे सप्ताह के दौरान सैम व मैम बच्चों के चिन्हांकन का कार्य किया जाएगा। सभी से चार सप्ताह के इस विशेष अभियान से जुड़कर इसे सफल बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि 'राष्ट्रीय पोषण माह' समाज के सशक्तीकरण का महाअभियान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं, बालिकाओं व बच्चों के सुपोषण के सम्बन्ध में अनेक अभिनव प्रयोग किये हैं, जिसके बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों यथा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, मुख्य सेविकाओं, बाल विकास परियोजना अधिकारियों को आज प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अस्थायी अथवा किराये के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को अपना भवन उपलब्ध कराने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। इसके तहत आज 529 आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का लोकार्पण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों के साथ ही प्री–प्राइमरी के रूप में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के कार्य को आगे बढ़ाने का प्रयास किया, जिससे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही स्कूली शिक्षा का कार्य भी समुचित ढंग से आगे बढ़े। वर्ष 2020 में कोरोना के आगमन से यह प्रयास बाधित हुआ। वर्तमान में राज्य में कोरोना का संक्रमण नियंत्रण स्थिति में है। आज प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 22 मामले प्रकाश में आये हैं। अधिकतर जिलों में कोरोना का संक्रमण समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अब तक कोरोना की 07 करोड़ 39 लाख से अधिक जांच करायी गयी है तथा 08 करोड़ 08 लाख से अधिक वैक्सीन की डोज दी गयी है। कोरोना की जांच और वैक्सिनेशन दोनों में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। आंगनबाड़ी से सम्बन्धित गतिविधियों को आगे बढ़ाने का यह उपयुक्त समय है ।मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को चयन हेतु बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन पूरी निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ मेरिट के आधार पर सम्पन्न कराया गया है। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त अधिकारी राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप राष्ट्रीय पोषण माह अभियान से जुड़कर ईमानदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि बच्चे ईश्वर की कृति हैं। शासन द्वारा इन्हें प्रदान की जा रही स्वास्थ्य एवं पोषण सम्बन्धी सभी सुविधाएं सुलभ होनी चाहिए। यह राष्ट्र की आधारशिला को सुदृढ़ करने की दिशा में किया गया कार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तीकरण हेतु सार्थक प्रयास किये हैं। मिशन शक्ति–3 का संचालन किया जा रहा है। महिला आरक्षियों को बीट की जिम्मेदारी दी गयी है। यह आरक्षी महिलाओं के सम्बन्ध में जागरूकता का प्रसार का कार्य भी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, आशा वर्कर्स तथा ए0एन0एम0 द्वारा स्क्रीनिंग और मेडिसिन किट वितरण का कार्य किया गया। इससे प्रदेश में कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने में बड़ी सहायता मिली। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों तथा आशा वर्कर्स के मानदेय की वृद्धि के सम्बन्ध में कार्यवाही संचालित है। इनके बकायाभुगतान के निर्देश भी दिये गये हैं ।मुख्यमंत्री ने कहा कि सितम्बर माह साग–सब्जियों और फलों के पौधरोपण के लिए उचित समय है। इस दौरान बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक स्कूलों में किचन गार्डन स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने कुपोषित माँ व बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए दूध की उपलब्धता हेतु जिला प्रशासन को जनपद स्तर पर निराश्रित गोवंश में से गाय उपलब्ध कराये जाने पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा निराश्रित गोवंश के पालन हेतु प्रति गोवंश 900 रुपये प्रतिमाह उपलब्ध कराये जा रहे हैं। महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाति सिंह ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की सामाजिक व आर्थिक प्रगति के लिए कुपोषण से मुक्ति जरूरी है। प्रधानमंत्री ने इसके लिए वर्ष 2018 में राष्ट्रीय पोषण माह अभियान की नींव रखी। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में इस अभियान का प्रभावी ढंग से संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्त में प्रमुख सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास व पुष्टाहार वी0 हेकाली झिमोमी ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एनएसयूआई के प्रदेश सचिव द्वारा छात्रों व शिक्षक भर्ती की अनियमितता तो लेकर किया प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष



नीरज कुंदन व राष्ट्रीय सचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश यादव के आह्वान पर ईलाहाबाद जी पेपर लीक होने तथा छम्म्ज् परीक्षा को रद् करने व 69000 शिक्षको के भर्ती में सरकार द्वारा किजा रही अनियमितता के विरूद्ध प्रदेश सचिव व सह प्रभारी काशी विद्यापीठ वाराणसी व फतेहपुर शुभम शुक्ला द्वारा संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के स्वर्ण जयंती चौक पर धरना प्रदर्शन व आन्दोलन कर सरकार को चेताया गया की राजनैतिक फायदे के लिये सरकार द्वारा किए जा रहे यह कार्य बहुत ही निंदनीय और गलत हैं। इन महत्वपूर्ण विषयों पर अगर कार्यवाही न हुई तो एनएसयूआई का यह आन्दोलन वृहद रूप लेने पर बाध्य होगा। प्रदर्शनकारियों में रिषभ सिंह, शुभम प्रताप सिंह, रोहित मिश्रा, रिजवान अहमद खान, अभिषेक दूबे, विकास चतुर्वेदी आदि छात्र नेता व शिक्षक समाज के लोग उपस्थिति रहे।

# नोडल अफसर ने अस्पताल सहित विभिन्न सरकारी दफ्तरों का किया निरीक्षण, दिए आवश्य दिशा निर्देश

## नोडल अधिकारी एम0वी0एस0 रामी रेड्डी व डीएम रविंद्र कुमार ने संबंधित बिंदुओं पर समीक्षा की

उन्नाव। अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेशध्जनपदीय नोडल अधिकारी एम0वी0एस0 रामी रेड्डी व डीएम रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में ................ को विकास भवन सभागार में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग बेसिक, माध्यमिक शिक्षा, नगर विकास विभाग से संबंधित बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शासन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा करते हुये चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग पर गहनता से विचार किया गया। नोडल अधिकारी ने वर्तमान में जो डेंगू वायरल चल रहा है उसके संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सत्य प्रकाश से तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि घरों के आसपास पानी जमा नही होना चाहिये, एंटी लार्वा के छिड़काव की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा वाटर सप्लाई के पानी में कन्टेन्ट देखना चाहिए, पानी में क्लोरीन कितना पी0पी0एफ0 पाया गया, क्लोरीन की मात्रा पीने के पानी में कितनी होनी चाहिए इसकी जानकारी ई0ओ0 को होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में पानी का जलभराव नहीं होना चाहिए इसे तत्काल सही कराने के निर्देश सीएमओ को दिये। अस्पताल में नर्सों की जानकारी ली। इमरजेंसी के आई0सी0यू0 बेड कितने चालू हालत में हैं, उन्होंने पूछा कि संक्रमण रोग यथा डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया आदि के माह अगस्त में कितने सैंपल कलेक्ट किए गए हैं। उन्होंने सैम्पलिंग की संख्या में तेजी लाने के निर्देश दिये। और कहा डेंगू की जांच ज्यादा से ज्यादा कराएं, सी0बी0सी0 कराएं, क्षेत्र में जाकर पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए। ज्वर पीड़ित की जांच करने में लपरवाही न बरती जाये। जांच ज्यादा से ज्यादा संख्या में जांच कराई जाये। जिला अस्पताल सी0एच0सी0 पी0एच0सी0 में कितने लोग भर्ती हैं जानकारी ली तथा मरीजों को भर्ती करने के निर्देश दिए। औषधियों के उपलब्धता के बारे में जानकारी भी ली,संदिग्ध डेंगू लक्षण वाले व्यक्ति का सैंम्पल अवश्य लें। लोगों को क्लोरीन टैबलेट्स बाटने के निर्देश दिए।तथा सी एम एस को निर्देशित किया कि ब्लड बैंक में ब्लड की उपलब्धता बनाए रखने के लिए ब्लड डोनेशन कैंप लगाने के निर्देश दिए। ई ओ से फागिंग कब–कब करते हैं जानकारी ली, जल के नमूना की नियमित जांच व छिड़काव सभी ई0ओ0 करें अगले 02 दिन इसकी सूचना प्रस्तुत करें। डीएम ने कहा यदि कोई बाढ़ आती है तो उसके लिए क्या क्या तैयारियां हो चुकी है एसडीएम बीघापुर से पूछा खिलाने पिलाने रहने सोने की क्या–क्या व्यवस्था की जा चुकी है। उन्होंने कहा पहले से विजिट कर लें गंगा का जल स्तर बढ़ना नहीं चाहिए उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर से कहा बाढ़ की तैयारी करने के साथ साथ जरूरतमंद को प्रधानमंत्री आवास योजनाध् मुख्यमंत्री आवास योजना में तत्काल आवास उपलब्ध अवश्य कराएं। नोडल अधिकारी महोदय को बताया गया जियो बैग लगवाए जा चुके हैं जिससे बाढ़ आने पर समस्या उत्पन्न न हो सके। नोडल अधिकारी ने बैठक में ब्लड डोनेशन, नेट बैंकिंग, सैंपलिंग, दवाओं की उपलब्धता, एंबुलेंस, चिकित्सकों की उपलब्धता आदि की स्थिति जानी। व जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से कहा प्रत्येक सीएचसी का निरीक्षण करें तथा नगरपालिका का भी निरीक्षण करें पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए इस बात का खास ख्याल रखें। और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में भी जानकारी ली तथा अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि घर–घर में लाल व काला वाला बैग अवश्य वितरण करें जिससे कि लोग कूड़ा आदि रोड पर न फेंक सकें, उन्होंने जल के नमूनों की नियमित जांच कराने व छिड़काव कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए समस्त ग्राम पंचायतों में समस्त व्यवस्था कराने के निर्देश दिए और कहा समस्त वीडियोस को निर्देश दें कि दे जहां पर भी जलभराव की समस्या है उसे तत्काल सही कराएं। उन्होंने जानकारी ली कि कितनी ग्राम सभाओं में ठोस प्रबंधन मौजूद है।और सभी ग्राम पंचायतों में साफ सफाई कराने व पीने के पानी की व्यवस्था की जानकारी ली। तथा मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल को सप्ताह में कम से कम 3 बार ही गांव गांव जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। और डीपीआरओ को निर्देशित करते हुए कहा एंटी लारवा का छिड़काव हो रहा है या नहीं अभी तक कितना परसेंट छिड़काव हो चुका है इसको स्वयं जाकर देखें। इस बात का खास ख्याल रखें साफ–सफाई गांवों में हो रही है या नहीं। पीने के पानी के पास जलभराव नहीं होना चाहिए। हैंड पंप व शौचालय को चलवाने के लिए पर्याप्त साफ–सफाई पानी की उपलब्धता पीने के पानी की व्यवस्था का कोविड–19 के परिप्रेक्ष्य में विशेष ध्यान दें, बच्चों के मास्क,सैनिटाइजर अवश्य उपलब्ध कराने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयसिंह को दिए। कि शिक्षकों के टीकाकरण की जानकारी ली उन्होंने कहा कुल कितने टीचर है कितनों को टीकाकरण हो गया है कितने का नहीं। जिलाधिकारी ने कहा जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दोनों ही यह सुनिश्चित कर लें कि इस बात का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए कि बच्चों को बिना मास्क व बिना सामाजिक दूरी के न रहने दें। अंत में जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नोडल अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश अत्यंत ही महत्वपूर्ण हैं इसका कड़ाई से बिंदुओं पर कार्य करने की आवश्यकता है। अगले 1 सप्ताह में शासन के मंशानुरूप कार्यों को पूरा कर लिया जाए, अपने जनपद को डेंगू और मलेरिया आदि संक्रामक रोगों से बचाते हुए अच्छा कार्य करें। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी को आश्वस्त किया कि आप द्वारा बताए गए दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए समस्त कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा बैठक के दौरान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश, परियोजना निदेशक डीआरडीए जिला पंचायत राज अधिकारी यशवंत कुमार, डीईएसटीओ राजदीप वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित समस्त संबंधित उपस्थित रहे।

# मच्छरजनित बीमारियों से बचने को बरतें सावधानी : सीएमओ

हरदोई। बारिश के मौसम में सावधानी न बरतने से मच्छरजनित परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं जो डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का कारण बनती हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सूर्यमणि त्रिपाठी बताते हैं दृसावधानी बरतकर मच्छरजनित बीमारियों से बचा जा सकता है।मच्छरजनित परिस्थितियां पैदा ही न होने दें तो डेंगू,मलेरिया जैसी बीमारियाँ नहीं पनपेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया– डेंगू एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है जो दिन के समय सक्रिय रहता है और घर के भीतर साफ पानी में पनपता है।साधारण डेंगू बुखार में तेज बुखार के साथ सिर ,पीठ और जोड़ों में दर्द होता है। आँखें लाल होना और आँखों के पीछे दर्द होना तथा आँखों को दबाने पर दर्द का बढ़ जाना,शरीर पर लाल चकत्ते होना, साधारण डेंगू बुखार के साथ –साथ मरीज में यह लक्षण दिखायी दें तो डेंगू हीमरेजिक बुखार(डीएचएफ) की शंका की जा सकती है। डेंगू हीमरेजिक बुखार के लक्षण हैं– नाक और मसूड़ों से,शौच से,उल्टी से खून आना और त्वचा पर गहरे नीले–काले रंग के चक्कते पड़ना। डेंगू शॉक सिंड्रोम में इन लक्षणों के साथ–साथ शॉक की अवस्था के कुछ लक्षण भी प्रकट हो जाते हैं।यह लक्षण हैं ,रोगी अत्यधिक बेचौन हो जाता है,बुखार तेज होने के बाद भी शरीर ठंडा लगता है। रोगी धीरे–धीरे होश खोने लगता है।रोगी की नाड़ी की जाँच करने पर वह तेज और कमजोर महसूस होती है।ब्लड प्रेशर कम होने लगता है। वायरल बुखार मुख्यतः बदलते मौसम के कारण होता है।शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर हम इससे बच सकते हैं।वायरल बुखार के मुख्य लक्षण हैं – खांसी,जुकाम,गले में दर्द, बुखार,जोड़ों में दर्द,उल्टी तथा दस्त जबकि मलेरिया में सर्दी और कंपकपी के साथ में बुखार आता है। तेज बुखार और सिर दर्द होता है।बुखार उतरने पर पसीना आता है। कमजोरी महसूस होने के साथ उल्टी आ सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया– डेंगू से बचने के लिए घर व आस–पास पानी न इकट्ठा होने दें।पूरी बांह के कपड़े पहनें।मच्छररोधी क्रीम लगायें।फ्रिज और गमलों की ट्रे, पुराने टायर,बर्तन और कूलर की नियमित रूप से सफाई करें।कूलर सप्ताह में एक बार साफ कर सुखाएं और उसके बाद ही प्रयोग करें। खिड़की –दरवाजों में जाली का प्रयोग करें। बुखार होने पर सिर्फ और सिर्फ पैरासिटामोल का प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन कोशिश यही रहे कि चिकित्सक की सलाह पर ही किसी दवा का सेवन करें।स्वयं कोई इलाज न करें, किसी प्रशिक्षित चिकित्सक से ही इलाज कराएं।मरीज को पास के स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएँ।तेज बुखार होने पर माथे पर ठंडे पानी की पट्टियाँ रखें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया– वर्तमान में जिले में डेंगू के दो मरीज हैं। हमने एहतियातन सभी तैयारियां कर ली हैं।डेंगू के लिए जिला अस्पताल में 10 और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 5–5 बेडों की व्यवस्था की गयी है।बुखार या इससे सम्बंधित किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में कण्ट्रोल रूम के हेल्पलाइन नम्बर दृ 9044007272 एवं 8318992863 पर तत्काल सम्पर्क करें। जनपद में जांच हेतु 22 टीमों को लगाया गया है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर फीवर क्लिनिक और फीवर हेल्प डेस्क बनाया गया है।जहाँ मरीज अपनी जांचे और इलाज निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।साथ ही बुखार संबधित शंका का समाधान भी कर सकते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी(डीएमओ) जीतेंद्र कुमार का कहना है–बच्चों को बारिश में न भीगने दें और यह सुनिश्चित करें कि वह गीले कपड़े न पहने।ठंडा पानी, आइसक्रीम या अन्य ठन्डे खाद्य पदार्थ बच्चे को न खाने दें।घर का ताजा व अच्छे से पका हुआ खाना खिलाएं।रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले फल व सब्जियों का सेवन करें। बाहर के खाने से परहेज करें।इन सबके साथ इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि बेवजह घर से बाहर न निकलें।अगर घर से निकलते हैं तो मास्क अवश्य लगायें। सार्वजनिक स्थानों पर दो गज की दूरी बनाकर रखें। बार–बार चेहरे को न छुएं। हाथों को साबुन और पानी से धोते रहें , बच्चे को फुल आस्तीन के कपड़े पहनाएं। बच्चे में कोरोना से बचाव के प्रोटोकॉल का पालन करना सुनिश्चित कराएं।

## कैंप लगाकर डॉक्टर की टीम ने मलेरिया की मुफ्त में की जांच

हरदोई। टोडरपुर के ग्राम सलेमपुर राय में डॉक्टर की टीम द्वारा बुखार का चेकअप किया गया। डेंगू ,मलेरिया, टाइफाइड जैसे खतरनाक बुखार के मरीजों की हो रही बढ़ोतरी पर काबू पाने के लिए सरकार द्वारा चलाया अभियान चलाया जा रहा है।जिसमें डेंगू,मलेरिया की फ्री में जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे कई फायदे हैं, बीमारी बढ़ने से पहले ही इस पर काबू पाया जा सकता है, मरीजों को किसी प्रकार का बुखार होने पर तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल जाकर जांच अवश्य कराएं। इसी तरह ग्राम सलेमपुर राय में नीरज मिश्रा के आवास पर डॉक्टरों द्वारा कैंप लगाकर मरीजों को गांव से बुलाकर की गई मलेरिया की फ्री जांच व बुखार, खांसी,जुखाम की दवाई भी वितरित की गई। डॉक्टर नफीस ने जानकारी देते हुए बताया और ग्राम वासियों को सलाह दी,कि किसी को भी खांसी,जुकाम,बुखार जैसी किसी अन्य प्रकार की समस्या होने पर तुरंत अपने नजदीकी टोडरपुर सीएचसी पहुंचकर जांच कराकर दवाई अवश्य लें। इस समय का बुखार बहुत ही खतरनाक है, लापरवाही बिल्कुल न बरती जाए।मौके पर मौजूद डॉक्टर नफीस, ज्ञानेंद्र, विनोद व ग्रामवासी प्रशांत मिश्रा ,नीरज मिश्रा आदि बहुत लोग मौजूद रहे।

## हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक दीपक शुक्ला का 6 माह का कार्यकाल रहा सराहनीय

हरदोई। स्थानांतरित किए गए हरपालपुर व अरवल थाना प्रभारियों को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं नए प्रभारियों ने कार्यभार संभाल लिया है। हरपालपुर कोतवाली में आयोजित विदाई समारोह में स्थानांतरित प्रभारी निरीक्षक दीपक शुक्ला के 6 माह के कार्यकाल की सराहना करते हुए लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर भावभीनी विदाई दी। उनके द्वारा कोतवाली पर आने वाले फरियादियों के साथ पुलिस मित्र का रिश्ता निभाया गया। उन्होंने कोतवाली में तैनात सभी पुलिसकर्मियों को परिवार की तरह स्नेह दिया।उनके स्थानांतरण होने पर आयोजित विदाई समारोह में सभी पुलिसकर्मियों की आंखों से आंसू छलक पड़े। वही हरपालपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक के रूप में नवागंतुक बृजेश कुमार सिंह ने नए प्रभारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। इस मौके पर एसआई बृजेश कुमार द्विवेदी,धारा सिंह,किरन पाल सिंह, राधेश्याम त्रिपाठी,दीपक, अमित पूर्व प्रधान आशीष पांडेय,मिथिलेश सिंह भूरा, नटवर गुप्ता,भारत वर्मा,रामबाबू सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ अरवल थाने में आयोजित विदाई समारोह में स्थानांतरित थानाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह को भावभीनी दी गई। वही नवागंतुक थानाध्यक्ष राजपाल ने अरवल थाना अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

## दीपक शुक्ला को मिली पाली थाने की कमान

हरदोई। इलाके मे अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण करने के साथ ही कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य को लेकर कप्तान ने देर रात जिले के कई प्रभारी निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।इसी क्रम में दो सप्ताह पहले शाहाबाद कोतवाली से पाली थाने की कमान संभालने वाले शिव शंकर सिंह का स्थानांतरण करते हुए उन्हें बिलग्राम की कमान सौंपी गई है वहीं हरपालपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दीपक शुक्ला को पाली थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है आपको बता दें कि हरपालपुर में अपनी तैनाती के दौरान श्री शुक्ल ने अपराधों व अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए वर्षों से धूल फांक रही पुरानी विवेचना का निस्तारण कराते हुए क्षेत्र में सट्टा जुआ अवैध कच्ची शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया अब देखना यह होगा कि पाली थाने की कमान संभालने के बाद अपराधो व अपराधियों पर अंकुश लगाते हुए वह किस तरह से कानूनी व्यवस्था को सुदृढ़ करते हैं यह आने वाला समय ही बताएगा।

## सो रहे वृद्ध को मारी गोली, हालत गंभीर

जौनपुर। केराकत कोतवाली अंतर्गत मुरारा गांव में बदमाश घर के बाहर सो रहे एक वृध्द को कल रात गोली मारकर फरार हो गये। गोली वृध्द के गले में लगी है जिसके कारण उन्हे वाराणसी रेफर किया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात का कारण पुरानी रंजिश बताया गया है। इस मामले को 27 साल पहले हुई एक हत्या को लेकर चल रहे प्रतिशोध से जोड़कर देखा जा रहा है। मुरारा निवासी 65 वर्षीय इंद्रसेन सिंह बीती रात अपने घर के सामने मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। रात करीब एक बजे गोली चलने की आवाज पर परिजनों की नींद खुली। बाहर आकर देखा तो इंद्रसेन सिंह लहूलुहान थे। उनके गर्दन में गोली मारी गई थी। वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए। परिजनों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर किया गया। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी प्रभु सत्यवादी सिंह व उसके पुत्र निरंजन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि एक अन्य आरोपी चंदन सिंह फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

## फांसी लगाकर नर्स ने दिया जान

जौनपुर। मछलीशहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एक नर्स ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। यह नर्स सराबीका केन्द्र पर तैनात थी उसे टीका करण के लिए यहां अटैच किया गया था। बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी 28 वर्षीया अनिता यादव पुत्री काशीनाथ की नियुक्ति एक वर्ष पहले मछलीशहर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संविदा नर्स के पद पर हुई थी। उसकी तैनाती सरायबीका उपकेंद्र पर की गई थी। तीन महीने पहले उसकी सीएचसी में हो रहे कोविड–19 के टीकाकरण का कार्य में लगाई गई थी। वह अस्पताल के समीप चुंगी चौराहे पर किराए के मकान में अपनी मां के साथ रहती थी। मां कुछ दिन पहले घर चली गई थी। अनिता भी शनिवार को घर गई थी और देर शाम वापस लौटी। पुलिस के मुताबिक देर रात नर्स के किसी सहयोगी ने 112 नंबर पर सूचना दी कि अनिता ने फांसी लगाकर जान दे दी है। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो वह रस्सी के सहारे पंखे से लगे फंदे पर झूल रही थी। नर्स ने किन कारणों से फांसी लगाई, अभी इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## निर्माण अच्छे मैटेरियल से हो: नोडल अधिकारी

जौनपुर। सचिव, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन ध नोडल अधिकारी जी.सी प्रियदर्शी द्वारा निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टेस्टिंग लैब बंद मिली जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के एमडी को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में अच्छी गुणवत्ता के मटेरियल का प्रयोग किया जाए और कार्य मे तेजी लाते हुए निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने की कार्यवाही की जाए । मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, प्राचार्य शिव कुमार सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# इधर कुछ दिनों से बेपटरी हुई है शहर की कानून व्यवस्था, एसपी से नही हो पाया संपर्क

उन्नाव। जिले में इन दिनों क्राइम परवान चढ़ रहा है। क्राइम की वारदातें हर दिन बढ़ रही है। टप्पेबाजी से लगाकर लूट तक के क्राइम अब आम बात हो चुकी है। एसपी पुलिस प्रशासन या अपने मातहतों को हर दिन अपराध रोकने के लिए दिशा निर्देश दे रहे है। लेकिन इसके बाद भी अपराध रुकना आसान नहीं दिख रहा है। हालांकि, पैदल गस्त से लगाकर वाहन चेकिंग कर सिर्फ और सिर्फ पुलिस वाहवाही लूट रही है। बल्कि लुटेरे और अपराध के मास्टर अपने माइंड से वारदातों को यू ही अंजाम दे रहे है। इधर, सदर कोतवाली क्षेत्र में बीते सप्ताह से अब तक करीब आधा दर्जन वारदाते लूट, टप्पेबाजी की हो चुकी है। बात अगर बीते मई से लगाकर जून माह में हुए अपराधों की करें तो अपराधों में कही न कही बढोत्तरी तो देखी गई है। बीते कुछ दिन पूर्व में ही महिलाओं के साथ हुए छिनैती की घटनाओं ने कही न कही कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। मई माह में 21 फांसी, 14 हत्या, 10 दुराचार, 08 छेडछाड, 16 चोरी, 03 लूट, 01 अपहरण, घरेलू हिंसा से संबन्धित कुल 03 मामले पंजीकृत हुए। जून माह में फांसी में अतिरिक्त इजाफा न होते हुए 21 के आंकड़े पर रहा। हत्या के 11, दुराचार के 05, घरेलू हिंसा के 06 चोरी 20, लूट के 07 सहित अपराध के न जाने कितने ही माने प्रति माह सामने आते है। लेकिन इन पर अंकुश किस तरह से लगे कानून व्यवस्था का राज पूरी तरह से कायम हो सके यह अभी पूरी तरह सुनिश्चित नही हो सका है। शहर वासियों की माने तो तत्कालीन कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र मिश्र बूट की धमक पर शहरवासियों को सुरक्षा का अहसास कराते नजर आते थे। शाम को प्रमुख स्थानों व चौराहों सहित शहर में पैदल गश्त नियमित किया जाता था। लेकिन वर्तमान सदर कोतवाली प्रभारी कोतवाली के बाहर निकलना भी जरूरी नहीं समझते। एक माह में करीब आधा दर्जन लूट, टप्पेबाजी समेत अनेक घटनाए घटित हुई। उनकी कार्यशैली पर कई बार सवाल उठे लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नही दिया।

# बीमार बेटे को मिली मेड़ीकल कालेज में भर्ती होने की जगह, तो मां ने पकड़ लिये प्राचार्या के पैर

### मेड़ीकल कालेज की अव्यवस्थाओ के पोल खोल रहे है सोशल मीड़िया पर वायरल वीड़ियो

फिरोजाबाद। जिले में डेंगू बीमारी काबू में होने का नाम ही नहीं ले रही है। मेडीकल कॉलेज में 100 से ज्यादा मरीज प्रतिदिन भर्ती हो रहे हैं। इसी बीच 128 नए मरीज हुए। मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। उधर, मेडिकल कॉलेज की हालत भी काफी खराब है. 100 शैय्या के अस्पताल में 439 मरीज भर्ती हैं। अव्यवस्था का आलम यह है कि मेडिकल कॉलेज पेशेंट को भर्ती तक नहीं कर रहा है। अव्यवस्था के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहें हैं। एक वीडियो ऐसा वायरल हुआ जिसमें महिला अपने बेटे को अस्पताल के बाहर घास पर लिटा कर उसके माथे पर पानी की पट्टी रख रही है। इस महिला के बेटे को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करने से इंकार कर दिया गया था। दूसरे वीडियो में बीमार बालक की मां मेडीकल कालेज की प्राचार्या के पैर पकड़ते दिखाई दे रही है। इस महिला के बीमार बेटे को अस्पताल में जगह मिल गयी। बेटे को भर्ती करने पर महिला इस कदर भावुक हुई कि उसने प्रिंसिपल के पैर पकड़ लिए। बता दें कि फिरोजाबाद जिले में इन दिनों डेंगू और वायरल फीवर से हाहाकार मचा है। सूत्रों के अनुसार 70 से ज्यादा मौतें हो चुकीं हैं। 50 मौतें अकेले शहरी इलाके में हुईं हैं जबकि कई मौतें ग्रामीण इलाकों में हुईं हैं। मौतों का कोई अधिकृत आंकड़ा भी किसी के पास नहीं है। जिले के ज्यादातर गांव में घर–घर चारपाई बिछी हैं। डेंगू महामारी फैलने की शुरुआत शहर से लगे गांव नगला पान सहाय, टापा खुर्द से शुरू हुई थी. इसके बाद बीमारी ने मरघटी जलालपुर, नगला अमान, शेखूपुर, कपावली, दरिगपुर समेत कई गांव को अपनी चपेट में ले लिया। शहरी इलाकों में भी डेंगू का जबरदस्त प्रकोप देखा जा सकता है। यहां पर एलान नगर, सुदामा नगर, हुमायूंपुर, झलकारी नगर, आनंद नगर ककरऊ आदि स्थानों पर 70 से अधिक मौतें हो चुकीं हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे यह दो वीडियो कम से कम मेडिकल कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्थाओं की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं।

## गोष्ठी में जीवन मूल्यों एवं संस्कारों से युक्तशिक्षा पर चर्चा

शिकोहाबाद। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में प्रबुद्ध नागरिक विचार गोष्ठी का आयोजन स्टेशन रोड स्थित यंग स्कोलर अकेडमी के सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें आरएसएस ब्रज प्रांत के सह बौद्धिक प्रमुख सतीश समर्थ ने जीवन मूल्यों एवं संस्कारों से युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ब्रज प्रांत के सह बोद्धिक प्रमुख सतीश समर्थ,जिला संघ चालक रामलखन सिंह गुर्जर,मुख्य अतिथि चिकित्सक डा.एके अहूजा प्रमुख रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता पालीवाल महा विध्यालय के प्राचार्य डा.आरसी गुप्ता ने की। सह बौद्धिक प्रमुख चर्चा में वर्तमान की परिस्थिति के अनुरूप जीवनोपयोगी शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जीवन मूल्यों, संस्कारों से युक्त गुणबत्तापूर्ण शिक्षा समय की आवश्यकता है। गोष्ठी में विचार व्यक्त करने बालों में जिला संघ चालक रामलखन सिंह के अतिरिक्त जिला प्रचारक धर्मेन्द्र धवल,नारायण हरी सिंह एवं कॉलेज के एस गुप्ता,डा.सुशील मिश्रा मौजूद रहे। अन्य उपस्थित जनों में डॉ.पीएसराणा,महेंद्र शर्मा,शिव कुमार,राज नारायन शर्मा,पुष्पेंद्र चौहान व निशान्त मौजूद रहे। संचालन आचार्य ने किया।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर,जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# लिपस्टिक से जुड़े इन भ्रमों को सही मानती हैं महिलाएं, जानिए इनकी सच्चाई



लिपस्टिक न सिर्फ होंठों को रंगने का काम करती है, बल्कि इनसे होठों की त्वचा भी प्रभावित होती है और इसी कारण हमेशा अच्छी क्वालिटी की लिपस्टिक लगाने की सलाह दी जाती है। हालांकि होंठों की देखभाल करने के चक्कर में महिलाएं लिपस्टिक से जुड़े कई भ्रमों पर भी बिना सोचे–समझे भरोसा करने लगती हैं। आज हम आपको लिपस्टिक से जुड़े ऐसे ही कुछ भ्रमों और उनकी सच्चाई बताने जा रहे हैं।

भ्रम– लिपस्टिक से होंठ हो जाएंगे डार्क

लिपस्टिक से जुड़ा एक भ्रम यह है कि इसके इस्तेमाल से से होंठ डार्क हो जाते हैं, लेकिन ये सच नहीं है। कुछ लिपस्टिक जरूर महिलाओं के होंठों पर दाग का कारण बन सकती हैं, लेकिन अगर महिलाएं हर दिन होठों को अच्छे से साफ करें तो डार्क होंठों की समस्या नहीं होनी चाहिए। वैसे काले होंठ आनुवंशिक या ध्रूमपान, सन डैमेज या फिर होंठों को मॉइस्चराइज न करने जैसे अन्य कारणों की वजह से भी हो सकते हैं।

भ्रम– लिपस्टिक होंठों को रूखा बनाती है

शायद यह सबसे आम भ्रम है कि लिपस्टिक होंठों को रूखा बनाती है, लेकिन यह बात सच से कोसों दूर है। जिन महिलाओं को ठीक से लिपस्टिक अप्लाई करना नहीं आता, उन्हें अक्सर इस समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर लिपस्टिक को अप्लाई करने से पहले होंठों को एक्सफोलिएट करके लिपबाम अप्लाई किया जाए तो इससे लिपस्टिक और होंठों के बीच में एक बैरियर बन जाता है जिससे होंठ रूखे नहीं होते।

भ्रम– रेड लिपस्टिक सिर्फ फेयर स्किन टोन पर अच्छी लगती है

बहुत सी महिलाओं का ऐसा मानना है कि रेड लिपस्टिक सिर्फ फेयर स्किन टोन पर अच्छी लगती है, जबकि यह पूरी तरह से एक भ्रम है। महिलाओं की स्किन टोन चाहे जो भी हो, लेकिन होंठों पर लगी रेड लिपस्टिक उनके लुक को खूबसूरत बनाती है। दरअसल, मार्केट में रेड लिपस्टिक के कई शेड्स उपलब्ध हैं, इसलिए यह जरूरी है कि आप अपनी स्किन टोन को ध्यान में रखते हुए रेड लिपस्टिक का शेड चुनें।

भ्रम– लिपस्टिक लगाने से पहले हमेशा अपने होंठों पर लिप पेंसिल लगाएं

यह भी सिर्फ एक भ्रम के अलावा और कुछ नहीं है क्योंकि अगर महिलाएं लिप पेंसिल को पहले होंठों पर अप्लाई करती हैं तो इससे बाद में लिपस्टिक हटाने पर होंठों के चारों ओर रिंग्स नजर आते हैं जो देखने में बेहद भद्दे लगते हैं। इसलिए पहले अपनी लिपस्टिक लगाएं और फिर अपने होंठों की लाइन पर लिप पेंसिल फेंरे या फिर लिप पेंसिल का उपयोग ही न करें।

## अनीता हसनंदानी ने मालदीव वेकेशन से शेयर की अपनी ग्लैमरस तस्वीरें, तेजी से हो रही वायरल

इन दिनों टीवी की मशहूर एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी अपना मदरहुड एंजॉय कर रही हैं। हालांकि इसी बीच एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम



पर अपनी बोल्ड फोटो शेयर करने की वजह खबरों में हैं। इस तस्वीरों अनीता ब्लैक बिकिनी में नजर आ रही हैं। बिकिनी पर एक्ट्रेस ने ग्रे कलर का शर्ग कैरी किया हुआ है। इस लुक और भी कूल बनाने के लिए अनीता ने सिर पर बीच कैप पहनी हुई हैं जिसमे वो काफी हॉट लुक दे रही हैं।उनकी बोल्ड अदा को देखकर उनके चाहने वाले लट्टू हुए जा रहे हैं। लुक की बात करें तो वह सिंपल लुक और खुले बालों में हैट लगाए हुए बीच पर पोज देती हुई दिख रही हैं। अनिता इन फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखती हैं, डियर सेल्फ, मुझे पता है कि आप अपना बेस्ट दे रहे हैं, मुझे तुम पर विश्वास है...चलते रहे, लव मी एक्सओ वियरिंग। अनिता के इस फोटो पर उनकी ऑनस्कीन बेटी यानि ये हैं मोहब्बतें की फेम रुहानिका धवन ने रेड हॉर्ट शेयर कर उनकी फोटो को लाइक किया है। वहीं रिद्धिमा पंडित ने रिस्पॉन्स किया है। आपको बता दें कि अनीता इन दिनों अपने पति और बेटे के संग मालदीव वेकेशन पर हैं। जहां से वह अपनी ग्लैमरस और बोल्ड फोटो शेयर इंस्टाग्राम का टेंपरेचर बढ़ा रही हैं। अनिता एक सोशल मीडिया लवर हैं। वह हमेशा ही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रही हैं। वह इंस्टाग्राम पर अक्सर अपनी सेक्सी हॉट फोटो वीडियो शेयर करती रहती है। 40 साल की अनिता टीवी की चर्चित सेलेब्रेटी हैं। उन्होंने टीवी की दुनिया में हर तरह के किरादर निभाए हैं। उन्हें नेगेटिव किरदार से लेकर संस्कारी बहु जैसे रोल में देखा गया है, वो अपने हर अंदाज में कमला लगी हैं। आपको बता दें कि अनिता का इंस्टाग्राम उनके सेक्सी लुक से भरा पड़ा है। फैंस अनिता के बिकनी लुक को ज्यादा पसंद करते हैं। इंस्टाग्राम के साथ ही यूट्यूब पर भी अनिता के सेक्सी वीडियो खूब देखे जाते हैं।




# संजय लीला भंसाली सलमान के बिना आलिया भट्ट को साथ लेकर बनाएंगे इंशाअल्लाह



संजय लीला भंसाली बॉलीवुड के महान फिल्म निर्देशक हैं। वह काफी समय से अपनी फिल्म इंशाअल्लाह को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। भंसाली की इस फिल्म में आलिया भट्ट और सलमान खान मुख्य भूमिका में दिखने वाले थे। सलमान के फिल्म से बाहर होने के बाद यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई थी। अब जानकारी सामने आ रही है कि भंसाली सलमान के बिना आलिया को साथ लेकर इंशाअल्लाह के प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भंसाली सलमान के बिना आलिया को साथ लेकर फिल्म इंशाअल्लाह के प्रोजेक्ट को पुनर्जीवित करेंगे। एक सूत्र ने कहा, सलमान के साथ इंशाअल्लाह बनाने की कोशिश के कटु अनुभवों के बाद भंसाली सलमान के साथ फिर से काम नहीं करेंगे। हालांकि, वह आलिया के साथ फिल्म बनाना चाहते हैं। इस बार किसी और पुरुष अभिनेता को इस फिल्म में कास्ट किया जाएगा। सूत्र का कहना है कि फिलहाल फिल्म में पुरुष अभिनेता कौन होगा, इस पर टिप्पणी करना हवा में तीर मारना होगा। सलमान के हटने के बाद इस फिल्म से शाहरुख का नाम जुड़ा था। हालांकि, सूत्र का मानना है कि शाहरुख इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि वह पहले ही आलिया के साथ फिल्म डियर जिंदगी में काम कर चुके हैं। यह फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी, जिसका निर्देशन गौरी शिंदे ने किया था। खबरों की मानें तो आलिया की इंशाअल्लाह में अजय देवगन को पुरुष अभिनेता के तौर पर कास्ट किया जा सकता है। वह भंसाली की एक अन्य फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में कैमियो की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में आलिया लीड रोल में दिखने वाली हैं। खबर है कि फिल्म इंशाअल्लाह की पटकथा सलमान के हिसाब से लिखी गई थी, इसलिए इसे पर्दे पर निभाने के लिए कोई 50 साल से ज्यादा उम्र का कलाकार ही उपयुक्त हो सकता है। भंसाली के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी कई बड़ी फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। बहुत जल्द आने वाले दिनों में उनकी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी रिलीज हो सकती है। फिल्म में आलिया मुख्य भूमिका में दिखेंगी। भंसाली अपनी फिल्म बैजू बावरा को लेकर भी चर्चा में हैं। इसमें रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में होंगे। इसके अलावा वह अपने ड्रीम प्रोजेक्ट हीरा मंडी को लेकर सुर्खियों में हैं। सीरीज में कई दिग्गज अभिनेत्रियां नजर आ सकती हैं।

# अपर्णा सेन की द रेपिस्ट का बुसान फिल्म फेस्टिवल में होगा प्रीमियर



राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री और फिल्म निर्माता अपर्णा सेन के निर्देशन में बनी फिल्म द रेपिस्ट बुसान इंटरनेशनलफिल्म फेस्टिवल (बीआईएफएफ) के 26वें संस्करण में वर्ल्ड प्रीमियर के लिए तैयार है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, अपर्णा ने कहा, इस फिल्म के जरिए हमने उन कारणों का पता लगाने की कोशिश की कि हमारे समाज में इतनी संख्या में दुष्कर्मी क्यों बनते है और हमारी सामाजिक व्यवस्था में असमानताओं के कारण ही इन अपराधियों का जन्म होता हैं, मुझे इस कहानी में तीन नायकों के मनोविज्ञान ने आकर्षित किया। हकीकत तक पहुंचने के लिए कई परतों को अलग कर साव‍ धानी से बनाए गए मुखौटे एक आकर्षक प्रक्रिया हैं।

इसमें आकर्षक यह भी है कि दो भारत एक जो अपनी सदियों पुरानी मान्यताओं के साथ शहरी मलिन बस्तियों में रहता है और दूसरा शिक्षित शहरी भारत अपनी प्रगतिशील मूल्य प्रणालियों के साथ रहता है। फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा और अर्जुन रामपाल मुख्य भूमिका में हैं। द रेपिस्ट तीन नायक की यात्रा और एक भयानक घटना के कारण उनका जीवन कैसे जुड़ जाता है, इसका वर्णन करता है। फिल्म स्पष्ट अपराध से परे दिखती है, न केवल यह पता लगाने के लिए कि यह अपराध के बचे लोगों और अपराधि‍ ायों को कैसे प्रभावित करती है, बल्कि यह भी बताती है कि जब सच्चाई घर के करीब आती है तो किसी के आदर्शवादी विचार कैसे बदल जाते हैं। फिल्म का निर्माण अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने किया है। व्यापक रूप से एशिया में सबसे बड़े फिल्म समारोह के रूप में स्वीकार किया गया है। बुसान अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

# एक्वेरियम में लगाएं ये पौधे, लगेंगे बहुत ही खूबसूरत



घर में एक्वेरियम हो तो इससे पूरे घर की खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। ऐसा हो भी क्यूं न स्पार्कलिंग पानी और रंगीन मछलियां सभी एकसाथ मिलकर एक अलग दुनिया की सैर कराते हैं। वहीं, इन सबके साथ अगर आप इसमें पौधे लगा देते हैं तो एक्वेरियम और भी खूबसूरत लगेगा। हालांकि, अगर आपको यह पता नहीं है कि एक्वेरियम में किस तरह के पौधे लगाए जा सकते हैं तो आइए आज इसी के बारे में जानते हैं। अमेजन स्वॉर्डः एक्वेरियम में अमेजन स्वॉर्ड लगाना बेहतरीन है क्योंकि यह आसानी से पानी में विकसित होता है। सबसे अच्छी बात तो यह है कि आपको इस पौधे की अधिक देखभाल करने की भी आवश्यकता नहीं है। हालांकि, इस बात का खास ध्यान रखें कि इसे लगाने के बाद एक्वेरियम को घर में किसी ऐसी जगह पर रखें, जहां सूरज की सीधी रोशनी पड़ती हो। बता दें कि आमतौर पर यह पौधा 20 इंच तक बढ़ता है। मनी प्लांटः मनी प्लांट की जड को एक्वेरियम के अंदर और पत्तियों की डाली को इसके बाहर लटकाएं। यह अन्य पौधों और एक्वेरियम दोनों के लिए फायदेमंद है क्योंकि यह नाइट्रेट्स को अवशोषित करता है और विकास के लिए उनका इस्तेमाल करता है। वहीं, पर्याप्त रोशनी से मनी प्लांट अधिक विकसित होता है। इसके अलावा, यह एक वास्तु पौधा भी है, जो घर में भाग्य लाने और इसे खूबसूरत लुक देने में भी सहायक है। वॉटर लिलीः जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है, वॉटर लिली खास पानी में ही पनपने वाला पौधा है और इस पर उगने वाले गुलाबी रंग के फूल एक्वेरियम की खूबसूरती में चार चांद लगा सकते हैं। खास बात है कि वॉटर लिली के पौधे को लगाने के बाद अधिक देखभाल की आवश्यकता नहीं होती है। हालांकि, ध्यान रखें कि हफ्ते में तीन दिन इसमें थोड़ी खाद डालनी होती है। जलकुंभीः जलकुंभी भी पानी में उगाया जाने वाला पौधा है, इसलिए इसे भी एक्वेरियम में उगाया जा सकता है। खास बात तो यह है कि इसे लगाने के बाद अगर इसकी देखभाल न भी की जाए तो भी यह अपने आप उगता रहेगा क्योंकि इसे कोई भी प्लांट फर्टिलाइजर नहीं चाहिए होता है। कई तरह के जलकुंभी पौधों को तो मिट्टी की जरूरत भी नहीं होती है। ये अपने आप बढ़ते और फूलते रहते हैं।